Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 66 | शनिवार, 08 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## हिंदी विरोध पर स्टालिन को अमित शाह ने दिखाया आईना, बोले
# भाषा को मुद्दा बनाना तमिलनाडु सीएम का राजनीतिक हथकंडा

नई दिल्ली।



पांच दशक से अधिक पुराने हिंदी विरोध को तमिलनाडु के आगामी विधानसभा चुनाव में मुद्दा बनाने की कोशिश में जुटे मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आईना दिखाया है।

अमित शाह ने स्टालिन के हिंदी विरोध को सिर्फ राजनीतिक हथकंडा होने का संकेत देते हुए कहा कि मातृभाषा में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई को हरी झंडी देने के बावजूद स्टालिन ने तमिलनाडु में इसके लिए कोई प्रयास नहीं किया है। उन्होंने स्टालिन को जल्द से जल्द मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई तमिल भाषा में शुरू करने की चुनौती दी। चेन्नई में सीआइएसएफ के स्थापना दिवस कार्यक्रम में अमित शाह ने स्टालिन की दक्षिण भारत और उत्तर भारत के बीच विभेद पैदा करने की कोशिशों का पदार्फाश करते हुए साफ किया कि तमिल भाषा, संस्कृति और परंपराएं भारतीय संस्कृति का अनमोल गहना हैं और पूरा देश इसे स्वीकार करता है। तमिलनाडु ने भारतीय संस्कृति को हर क्षेत्र में मजबूत किया है उन्होंने कहा कि तमिलनाडु ने भारतीय संस्कृति को हर क्षेत्र में मजबूत किया है, फिर चाहे यह प्रशासनिक सुधार हों, आध्यात्मिक ऊंचाई हासिल करना हो, शिक्षा हो या देश की एकता व अखंडता हो। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार तमिल सहित सभी भारतीय भाषाओं को संरक्षित और विकसित करने के साथ ही उन्हें रोजगार का जरिया भी बनाने की कोशिश कर रही है। अमित शाह ने कहा कि तमिल में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू करने से मातृभाषा के रूप में तमिल न सिर्फ मजबूत होगी, बल्कि तमिल माध्यम से शिक्षित होने वाले छात्रों को करियर में आगे बढ़ने का समान अवसर भी मिलेगा। तमिल सहित सभी भारतीय भाषाओं को संरक्षित करने के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्ध तमिल सहित सभी भारतीय भाषाओं को संरक्षित करने के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता जताते हुए शाह ने कहा कि केंद्रीय अ?र्द्धसैनिक बलों (सीआइएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आइटीबीपी और एसएसबी) की भर्ती परीक्षाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भारतीय भाषाओं में कराने भी फैसला किया है। अब सिर्फ तमिल जानने वाले युवा भी केंद्रीय अ?र्द्धसैनिक बलों की भर्ती परीक्षाओं में भाग ले सकते हैं और नौकरी पा सकते हैं। जबकि पहले ये भर्ती परीक्षाएं सिर्फ हिंदी और अंग्रेजी में होती थी और तमिल जानने वाला युवा इनमें हिस्सा ही नहीं ले पाता था। तमिलनाडु के तक्कोलम में स्थित सीआइएसएफ के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र का नाम चोल वंश के राजा राजादित्य चोल के नाम पर रखने की घोषणा कर अमित शाह ने साफ कर दिया कि मोदी सरकार तमिल भूमि पर पराक्रम और बलिदान की गाथाएं लिखने वाले ऐतिहासिक महापुरुषों का सम्मान करना नहीं भूलती। उन्होंने चोल साम्राज्य की महान परंपराओं को आगे बढ़ाने वाले राजादित्य चोल के नाम पर क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र के नामकरण को गौरव की बात बताया।

**तमिल भाषा में मेडिकल व इंजीनियरिंग की पढ़ाई हो- शाह**

# नोबेल शांति पुरस्कार के लिए ट्रंप समेत 338 दावेदार

नई दिल्ली।




अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इस बार नोबेल शांति पुरस्कार के लिए फिर नामित किया गया है। उन्हें पिछले साल भी शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया था। दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से ट्रंप विदेश नीति संबंधी कई फैसले ले रहे हैं जिसका असर पूरी दुनिया पर निश्चित तौर पर पड़ा है, लेकिन तीन वर्षों से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने और इजरायल हमास संघर्ष समाप्त करने को लेकर जिस तरह से वह प्रयास कर रहे हैं उसे देखते हुए ट्रंप को नामित किया जाना महत्वपूर्ण है। नार्वेजियन नोबेल संस्थान ने घोषणा की है कि 2025 केनोबेल शांति पुरस्कार के लिए 338 उम्मीदवार नामांकित हैं, जिनमें से 244 व्यक्ति और 94 संगठन हैं। पुरस्कार के लिए नामित प्रमुख हस्तियों में पोप फ्रांसिस, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस और नाटो के पूर्व महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग भी शामिल हैं। 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 जनवरी थी।

## रमजान में 'मुसलमानों की छुट्टी' के खिलाफ सुनवाई को सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सरकारों द्वारा 'रमजान में मुसलमानों की छुट्टी' के फैसलों के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। दोनों राज्य की सरकारों द्वारा मुस्लिम कर्मचारियों को रमजान के पवित्र महीने के दौरान एक घंटा पहले दफ्तर छोड़ने की अनुमति दी गई है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह अपनी शिकायत संबंधित हाई कोर्ट में ले जाएं।

## एस जयशंकर ने बेलफास्ट में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का किया उद्घाटन



**बेलफास्ट (यूके)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को उत्तरी आयरलैंड के बेलफास्ट में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। नए भारतीय वाणिज्य दूतावास में समुदाय के नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि यह कदम भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती और प्रवासी समुदाय के योगदान की सराहना का प्रतीक है।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि फोकस नंबर 1 भारतीय समुदाय की सेवा करना है...फोकस नंबर दो यहां आर्थिक अवसरों का पता लगाना है और हम देखते हैं कि ये अवसर बढ़ रहे हैं क्योंकि यूके के साथ हमारे संबंध गहरे हो रहे हैं और यह एक तरह से यूके और यूरोपीय संघ के बीच मिलन बिंदु भी है। आगे कहा कि फोकस नंबर 3 शिक्षा और प्रौद्योगिकी है। हमारे यहां कई आईटी कंपनियां हैं। यहां हमारा एक महत्वपूर्ण विश्वविद्यालय है, क्वींस यूनिवर्सिटी, जिसने भारत में अपनी उपस्थिति स्थापित करने का निर्णय लिया है।

## 'युद्ध समाप्त करने के लिए यूक्रेन की तुलना में रूस से निपटना आसान'



वाशिंगटन।

रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एड़ी चोटी का दम लगा रहे हैं। इसी के साथ उनके लगातार बयान भी इस मुद्दे पर आ रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि युद्ध समाप्त करने के प्रयासों में उन्हें यूक्रेन की तुलना में रूस से निपटना ₹आसान₹ लगता है और आगे बोले कि उन्हें व्लादिमीर पुतिन पर भरोसा है। व्हाइट हाउस में एक टेलीविजन प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि मुझे उन पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि मुझे यूक्रेन से निपटना ज्यादा मुश्किल लग रहा है और उनके पास कार्ड नहीं हैं। रूस से निपटना आसान हो सकता है। ट्रंप ने पुतिन को लेकर कहा कि मुझे नहीं पता कि वे समझौता करना चाहते हैं। यदि वे समझौता नहीं करना चाहते, तो हम वहां से चले जाएंगे, क्योंकि हम चाहते हैं कि वे समझौता कर लें। मैं यह मौत को रोकने के लिए कर रहा हूं। बता दें कि ट्रंप ने यूक्रेन पर युद्ध खत्म करने को लेकर कड़ा दबाव डाला है, अमेरिका तीन साल के युद्ध के बाद रूसी आक्रमण को रोकने के लिए संघर्ष कर रहा है, और अधिक दबाव डालने के लिए कीव को अमेरिकी सैन्य और खुफिया सहायता रोकने का आदेश दिया है।

**पुतिन को लेकर बड़ी बात बोल गए ट्रंप**

## 'भारत अपने टैरिफ में कटौती के लिए सहमत': ट्रंप

वाशिंगटन।




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को भारत की टैरिफ व्यवस्था पर हमला करते हुए कहा कि "उच्च टैरिफ" के कारण भारत को कुछ भी बेचना लगभग असंभव है। हालांकि, उन्होंने यह भी बताया कि भारत अपने टैरिफ में उल्लेखनीय कटौती करने के लिए सहमत हो गया है।

कथित तौर पर इसलिए क्योंकि आखिरकार कोई उनके किए की पोल खोल रहा है। व्हाइट हाउस से राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित अपने संबोधन में ट्रंप ने उन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया, जिन्हें उनका प्रशासन जल्द ही लागू करने जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत हम पर भारी शुल्क लगाता है। भारी शुल्क। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। वैसे, वह कटौती के लिए सहमत हो गया है। वह अब अपने शुल्कों में कटौती करना चाहता है, क्योंकि कोई तो उनके किए की पोल खोल रहा है। रॉयटर के अनुसार, ट्रंप ने कहा कि उन्होंने कनाडा और मेक्सिको को क्षेत्रीय मुक्त व्यापार समझौते के अनुरूप वस्तुओं पर अपने नए 25 प्रतिशत टैरिफ से छूट दी है, क्योंकि वह आटो निमार्ताओं की मदद करना चाहते थे। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि यह छूट एक अल्पकालिक उपाय है और समय के साथ टैरिफ बढ़ सकता है। फॉक्स बिजनेस नेटवर्क द्वारा प्रसारित एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा, मुझे लगा कि ऐसा करना उचित होगा और इसलिए मैंने उन्हें इस छोटी अवधि के लिए थोड़ी छूट दी। प्रेट्र के अनुसार, ओवल ऑफिस में कुछ कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करते हुए ट्रंप ने इस बात को दोहराया कि अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाने वाले देशों पर पारस्परिक टैरिफ दो अप्रैल से लागू होंगे।

## प्रयागराज में शादी के तीसरे दिन दुल्हन ने दिया बच्चे को जन्म

**प्रयागराज।** शादी के तीसरे ही दिन दुल्हन ने बच्चे को जन्म दिया तो ससुराल वाले स्तब्ध रह गए। इसके बाद दुल्हन के ससुरालियों और मायके वालों के बीच पंचायत बैठी और सबके दबाव पर रिश्ता खत्म करने पर सहमति बनी। इंटरनेट मीडिया पर इसका वीडियो प्रसारित हो रहा है। प्रयागराज जिले में करछना क्षेत्र के एक युवक की शादी घूरपुर क्षेत्र की युवती से तय हुई थी।

## रान्या ने 17 सोने की छड़ें रखने की बात स्वीकारी

बेंगलुरु।




सोना तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव ने अपने पास 17 सोने की छड़ें होने की बात स्वीकार की है। इस बीच शुक्रवार को आर्थिक अपराधों की विशेष अदालत ने रान्या को डीआरआइ की तीन दिन की हिरासत में भेज दिया। जांचकताओं ने बताया कि रान्या का पासपोर्ट हर्षवर्दिनी रान्या के नाम से बना है। उसने पिछले छह महीनों में 27 बार दुबई की यात्रा की थी। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआइ) के सूत्रों ने बताया कि रान्या यूरोप, अमेरिका और सऊदी अरब सहित पश्चिम एशिया की यात्रा भी कर चुकी है रान्या को डीआरआइ अधिकारियों ने बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 14.8 किलोग्राम सोने की तस्करी करते हुए उस समय गिरफ्तार किया गया था जब वह सोमवार रात दुबई से बेंगलुरु पहुंची थी। उसके पास से जब्त सोने की छड़ों की कीमत 12.56 करोड़ रुपये है। रान्या की गिरफ्तारी के बाद की गई छापेमारी में रान्या के बेंगलुरु के फ्लैट से 2.06 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण और 2.67 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई। मामले में अब तक 17.29 करोड़ रुपये की जब्ती की गई है।

## वंदे भारत एक्सप्रेस बनी भारतीयों की पहली पसंद तो शताब्दी भी चहेती



**अंबाला।** रेल मंत्रालय के आदेशों पर शुक्रवार को राष्ट्रव्यापी सर्वे में रेल महकमा जुट गया। शताब्दी एक्सप्रेस, वंदेभारत ट्रेनों में सर्वे कर यात्रियों से सुरक्षा, समय और साधन, इनमें क्या बेहतर है। इत्यादि से जुड़े सवाल किए गए।

आठ पेज के सर्वे में हवाई जहाज से 500 किलोमीटर (किमी) के सफर का तुलनात्मक अध्ययन किया गया और पूछा कि हवाई जहाज के मुकाबले ट्रेन और टैक्सी से सफर कितना बेहतर है और आपकी इसमें क्या प्राथमिकता है। अधिकांश यात्रियों ने ट्रेन में वंदेभारत को अपनी पहली प्राथमिकता बताया है। इसके अलावा यात्रियों को परोसे जा रहे खाने को लेकर भी सवाल पूछे गए हैं, जिसमें यात्रियों से एक से दस तक की रैंकिंग भी जानी गई। पचास ट्रेनों की सूची में वंदेभारत और शताब्दी ट्रेनों को शामिल किया गया। सर्वे से संबंधित सूची वीरवार को ही कर्मचारियों को दे दी गई थी। यात्रियों से मिले फीडबैक मंडल स्तर के बाद जोन और फिर रेलवे बोर्ड को भेजा जाएगा।

# आज नवसारी में जनसभा करेंगे पीएम मोदी

**नवसारी।** पीएम मोदी आज गुजरात के नवसारी जिले के दौरे पर जाएंगे। यहां पर वह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे। नवसारी में भी वे एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद शाम को दिल्ली के लिए रवाना होंगे। इसी के तहत आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, प्रधानमंत्री नवसारी जिले के वांसी बोरसी गांव में आयोजित लखपति दीदी कार्यक्रम में भाग लेंगे और लखपति दीदियों से बातचीत करेंगे। वे पांच लखपति दीदियों को लखपति दीदी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी करेंगे।

प्रधानमंत्री गुजरात सरकार के जी-सफल (अंत्योदय परिवारों के लिए बेहतर आजीविका हेतु गुजरात योजना) और जी-मैत्री (ग्रामीण आय में परिवर्तन हेतु गुजरात मेंटरशिप और व्यक्तियों का त्वरण) कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। जी-मैत्री योजना उन स्टार्टअप को वित्तीय सहायता एवं सहयोग प्रदान करेगी, जो ग्रामीण आजीविका के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। जी-सफल योजना गुजरात के दो आकांक्षी जिलों और तेरह आकांक्षी प्रखंडों में अंत्योदय परिवारों की स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को वित्तीय सहायता एवं उद्यमशीलता संबंधी प्रशिक्षण प्रदान करेगी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को गुजरात के नवसारी जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के लिए पूर्णतः महिला पुलिस सुरक्षा तैनात की जाएगी। गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने घोषणा की कि भारत के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था की देखरेख केवल महिला पुलिसकर्मी करेंगी।



## संपादक की कलम से

### पंजाब में उबाल

भारतीय किसान यूनियन के एक घटक द्वारा चंडीगढ़ में नये सिरे से आंदोलन शुरू करने की चेतावनी के बाद पुलिस–प्रशासन की सख्ती से बुधवार को सामान्य जीवन व यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ। चंडीगढ़ से लगते इलाकों में पुलिस के अवरोधों के चलते वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। पुलिस आंदोलनकारियों से निबटने के लिये सख्त बनी रही और कई किसान नेताओं को गिरफ्तार किया गया। चंडीगढ़ के अनेक प्रवेश मार्गों को सील किया गया था और भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुरू हुए आंदोलन से उपजे हालात पर आम लोग कहते रहे कि जाम किसानों की तरफ से है या सरकार की तरफ से। दरअसल, पंजाब जो लंबे समय से कृषि क्षेत्र में उदार दृष्टिकोण रखने वाला राज्य रहा है, तंत्र की संवेदनहीनता और शासन की सख्ती के चलते अशांत नजर आता है। भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार, जिसे कभी बदलाव का अग्रदूत कहा जाता था, अब खुद को प्रमुख हितधारकों– किसानों, राजस्व अधिकारियों और नौकरशाही के साथ उलझी हुई पा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि कहां कमी रही कि कृषि क्षेत्र अशांत बना हुआ है। समय रहते किसानों की मांगों को पूरा न किए जाने और कारगर समाधान के लिये परामर्श न मिल पाने से निराश किसान यूनियनों ने नये सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जिसकी परिणति ह्यचंडीगढ़ चलो मार्चह्ण के रूप में सामने आई है। किसान नेता आरोप लगा रहे हैं कि किसानों की समस्याओं के समाधान पर संवेदनशील रवैया अपनाने के बजाय दमनात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। जिसे वे देर रात छापेमारी करके किसान नेताओं की गिरफ्तारी और चंडीगढ़ की सीमाएं सील करने के रूप में देख रहे हैं। किसान नेता आरोप लगा रहे हैं कि मुख्यमंत्री मान ने किसानों की बैठक में से नाटकीय ढंग से वॉकआउट करके अपनी हताशा को ही जाहिर किया है। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री का कहना है कि पंजाब में किसान संगठनों में आंदोलन करने की होड़ मची है। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि पंजाब धरनों का राज्य बनता जा रहा है। उनका कहना है कि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जोरदार जंग लड़ रही है। सरकार ने किसानों के हितों की रक्षा के लिये तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों सहित पंद्रह राजस्व अधिकारियों को निलंबित किया है। साथ ही अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन न करने वाले कई अन्य अधिकारियों का तबादला किया गया है। जिसके विरोध में राजस्व अधिकारियों ने तल्ख प्रतिक्रिया व्यक्त की। जिसके प्रत्युत्तर में राजस्व अधिकारियों ने सामूहिक अवकाश लेने का विकल्प चुना। जिसके चलते प्रशासनिक काम बुरी तरह प्रभावित हुआ। हालांकि, बुधवार शाम उन्होंने अपनी हड़ताल वापस ले ली है।


ललित शर्मा
संपादक

## उदय किशोर साह
### अन्नदाता मैं किसान
कविता



मैं अन्नदाता मैं गरीब. किसान
फटेहाल जीवन मेरी. पहचान
तन पे भी कपड़ा नसीब ना मेरा
चेहरे पे है चिन्ता का बना डेरा

खेतों पे नित्य करता हूँ मैं काम
जीवन में तनिकों नहीं है आराम
दिन रात खेतों की रखवाली करता
धूप बताश सालों भर में सहता

सिंचाई की साधन हो गई गुमनाम
नदी से जल ढोकर होता हलकान
खाद की बढ़ गई बाजार में कीमत
जैविक खाद की बिगड़ी है किस्मत

साक सब्जी गेहूँ मैं। उपजाता
नंगे पैर टोकरी ले बाजार हूँ जाता
फिर भी ना मिलता मिहनत का दाम
कैसी जीवन प्रभु तुम दी है वरदान

संसार मुझ पे करता है नित्य व्यापार
आर्थिक तंगी करता हम पे प्रहार
नहीं है हमें कोई मदद की दरकार
फिर भी ये जीवन जीना है सरकार

जग वालों की मैं भूख हर दिन मिटाता
फिर भी मैं खुशहाली कभी ना हूँ पाता
कब होगी मेरी पूरी जीवन की अरमान
खुशहाली का प्रभु हमें भी दो वरदान

उच्च शिक्षा बच्चे को ना दिला पाता
मजदूर का औलाद मजदूर बन जाता
कैसी विधाता लिख दी तकदीर विधान
कुछ तो सोचों प्रभु कुछ करो कल्याण

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

### महिला दिवस विशेष

# शबरी से द्रौपदी मुर्मू तक का सफर...

वेलकम इंडिया

दलित महिलाएँ भारत की आबादी का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं। लंबे समय से, उन्हें सामाजिक बहिष्कार और अपमान का सामना करना पड़ा है। भारत में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक आख्यान अक्सर हाशिए के समुदायों की महिलाओं के योगदान को नजरअंदाज करते हैं, इसके बजाय पुरुष-केंद्रित दृष्टिकोण या प्रमुख जातियों के दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करते हैं। दलित महिला नायकों की अनकही कहानियों और पूरे इतिहास में उनके संघर्षों को याद करके, हम इन आख्यानों को समृद्ध कर सकते हैं और संस्थागत भेदभाव का सामना कर सकते हैं जिसे दलित महिलाएँ पीढ़ियों से झेलती आ रही हैं। आज की महिला नेता लचीली और विविधतापूर्ण हैं। वे वैश्विक जलवायु आंदोलन में सबसे आगे हैं, सामाजिक सुरक्षा की वकालत कर रही हैं, संकटों से निपट रही हैं और प्रणालीगत नस्लीय भेदभाव को खत्म करने के लिए काम कर रही हैं। दुनिया भर में, महिला नेता जीवन बदल रही हैं और सभी के लिए एक उज्ज्वल भविष्य की प्रेरणा दे रही हैं।

भारतीय संस्कृति स्त्री शक्ति के प्रति अपनी श्रद्धा के लिए विश्व स्तर पर प्रसिद्ध है। शक्ति को इस पूजा के एक मूलभूत पहलू के रूप में मनाया जाता है। प्राचीन ग्रंथ मनुस्मृति में कहा गया है, ₹जहाँ भी महिलाओं का सम्मान किया जाता है, वहाँ देवता मौजूद होते हैं,₹ जो समाज में महिलाओं के सम्मान के महत्त्व पर प्रकाश डालता है। विशेष रूप से, भारत इस मायने में अद्वितीय है कि इसके नाम के आगे अक्सर ₹माता₹ शब्द जोड़ा जाता है, जिसका अर्थ है माँ। वर्तमान में, सत्ययुग युग की पूजनीय माता शबरी के वंश से आने वाली द्रौपदी मुर्मू दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में राष्ट्रपति का प्रतिष्ठित पद संभाल रही हैं, जो लोकतंत्र के क्षेत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक है। – **प्रियंका सौरभ**



-प्रियंका सौरभ, रिसर्च स्कॉलर इन पॉलिटिकल साइंस, हरियाणा

रामायण में सबरी की कहानी स्वीकृति, निस्वार्थता और बिना शर्त प्यार के विषयों का उदाहरण है, जो कई भजनों और कविताओं को प्रेरित करती है। भक्ति के उदय ने संत निर्मला और सोयराबाई जैसी महार जाति की महिलाओं को पारंपरिक हिंदू मान्यताओं को चुनौती देने के लिए प्रेरित किया। नांगेली ने कठोर ₹स्तन कर₹ का बहादुरी से विरोध किया, जो निचली जाति की महिलाओं को लक्षित करता था जो अपने स्तनों को ढकती थीं। कुइली, एक दलित महिला, जिसने तमिलनाडु में शिवगंगा की रानी वेलु नचियार की सेना का नेतृत्व किया, ने 1780 के आसपास ब्रिटिश सेना के खिलाफ लड़ाई लड़ी। एक अन्य साहसी दलित योद्धा झलकारीबाई, 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में एक प्रमुख व्यक्ति थीं, जो झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की एक विश्वसनीय सहयोगी के रूप में सेवा कर रही थीं। उजीराव, लखनऊ समाज सुधारकों में, सावित्रीबाई फुले दलित शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी के रूप में उभरीं, उन्होंने 1848 में मात्र नौ लड़कियों के साथ एक स्कूल की स्थापना की, जो 1851 तक लगभग 150 महिला छात्राओं वाले तीन स्कूलों तक विस्तारित हो गया।

उन्होंने 1849 में एक स्कूल शुरू करने के लिए अपनी मित्र फातिमा शेख के साथ मिलकर काम किया और 1852 में महिला अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए महिला सेवा मंडल की स्थापना की, साथ ही बालहत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना की, जो विधवाओं और हमले के पीड़ितों के लिए प्रसव के लिए एक सुरक्षित स्थान था।

मूवलुर राममिर्थम अम्मैयार ने दमनकारी देवदासी प्रथा के खिलाफ अभियान चलाया, 1936 में इस विषय पर एक तमिल उपन्यास प्रकाशित किया और 1945 में काल्पनिक श्रृंखला दमयंती बनाई। दक्षायनी वेलायुधन ने 1946 में संविधान सभा के लिए चुनी गई पहली और एकमात्र दलित महिला के रूप में इतिहास रच दिया। महाराष्ट्र में शांताबाई कांबले, मल्लिका अमर शेख और कुमुद पावड़े जैसी लेखिकाओं ने अपनी आत्मकथाओं के माध्यम से दलित नारीवाद को उजागर किया। तमिलनाडु में बामा और पी शिवकामी जैसे लेखकों ने लैंगिक भेदभाव को उत्पीड़न के दोहरे रूप के रूप में सम्बोधित किया। उर्मिला पवार और मीनाक्षी मून जैसी मराठी लेखिकाओं ने महिला आंदोलन के भीतर दलित महिलाओं को सुर्खियों में लाने के लिए काम किया, अपने शोध और व्यक्तिगत कहानियों का उपयोग करके उनके सामने आई कठोर वास्तविकताओं को उजागर किया।

चुनौतीपूर्ण व्यवस्था में फंसी दलित महिलाओं को बाहर निकलने के विकल्प प्रदान करने के लिए श्रम कानूनों में सुधार करना आवश्यक है। सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन को आर्थिक विकल्पों के साथ जोड़ना महत्त्वपूर्ण है। महिलाओं को कौशल प्रदान करने और शिक्षित करने में महत्त्वपूर्ण निवेश आवश्यक है, साथ ही औपचारिक क्षेत्र में नई नौकरियों का सर्जन करने के लिए सरकार के प्रयासों के साथ-साथ रोजगार सर्जन में बाधाओं को कम करना भी आवश्यक है। महिलाओं के लिए अधिक स्थिर-मजदूरी वाली नौकरियाँ सुनिश्चित करना उनके सामाजिक-आर्थिक शोषण का मुकाबला करने के लिए महत्त्वपूर्ण है। गहरी जड़ें जमाए हुए पूर्वाग्रहों को दूर करने के लिए लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और लड़कों को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति को चुनौती देने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। महिलाओं को निर्णय लेने के अधिकार और शासन में उचित प्रतिनिधित्व के साथ सशक्त बनाया जाना चाहिए। इसलिए, भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए महिला आरक्षण विधेयक को शीघ्रता से पारित किया जाना चाहिए।

इसके अतिरिक्त, सामाजिक कल्याण के उद्देश्य से कार्यक्रमों की देखरेख के लिए सरकारी या सामुदायिक संगठन स्थापित किए जाने चाहिए। दलित महिलाओं को लक्षित नीतियों और पहलों की आवश्यकता है जो विशेष रूप से उनकी अनूठी चुनौतियों का समाधान करें। व्यापक स्वास्थ्य नीतियाँ, विशेष रूप से मातृ और बाल स्वास्थ्य पर केंद्रित, महत्त्वपूर्ण हैं। केरल के कुदुम्बश्री मॉडल से प्रेरणा लेते हुए महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए प्रोत्साहित करके ऋण तक पहुँच में सुधार किया जा सकता है। भारत में दलित महिलाओं को इस समय एक महत्त्वपूर्ण मोड़ का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उन्हें तीन महत्त्वपूर्ण बाधाओं से गुजरना पड़ रहा है: वर्ग, जाति और पितृसत्ता। सामाजिक संरचना के ये तीन परस्पर जुड़े पहलू लैंगिक गतिशीलता और दलित महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले उत्पीड़न को समझने के लिए महत्त्वपूर्ण हैं।

### अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस - 8 मार्च, 2025

# नारी है स्नेह का स्रोत और मांगल्य का महामंदिर


ललित गर्ग

वेलकम इंडिया

महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ावा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष और उनके हक की लड़ाई की कहानी बयां करता है। इस वर्ष की थीम ह्लएक्सीलरेट एक्शनह्व यानी ह्यकार्रवाई में तेजी लानाह्ण और ह्लतेजी से कार्य करनाह्व रखी है। यह थीम हमें बताती है कि महिलाओं को अपने ऊपर बहुत मेहनत और तेजी से काम करने की जरूरत हैं। यह लोगों, सरकारों और संगठनों को महिलाओं के उत्थान, समान अवसर प्रदान करने और भेदभाव समाप्त करने की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रेरित करती है। इस दिवस का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करना और लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। यह दिन महिलाओं के सशक्तिकरण, समाज, अर्थव्यवस्था, संस्कृति और राजनीति में उनके योगदान को पहचान दिलाने के साथ-साथ उनके अधिकारों और अवसरों की वकालत करता है। परिवार, समाज, देश एवं दुनिया के विकास में जितना योगदान पुरुषों का है, उतना ही महिलाओं का है।

नया भारत-सशक्त भारत-विकसित के निर्माण की प्रक्रिया में महिलाएं घर परिवार की चार दीवारों को पार करके राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दे रही हैं। दिल्ली एवं पश्चिम बंगाल में महिला मुख्यमंत्री हो या केन्द्र में वित्तमंत्री, खेल जगत से लेकर मनोरंजन जगत तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा तक में महिलाएं बड़ी भूमिका में हैं। जरूरत सम्पूर्ण विश्व में नारी के प्रति उपेक्षा एवं प्रताड़ना को समाप्त करने की है। इस दिवस की सार्थकता तभी है जब महिलाओं को विकास में सहभागी ही न बनाये बल्कि उनके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने की वीभत्सताओं एवं त्रासदियों पर विराम लगे, ऐसा वातावरण बनाये। बीसवीं सदी की शुरूआत में महिलाओं ने अपने अधिकारों और बेहतर कार्य स्थितियों की मांग शुरू की थी। 1908 में न्यूयॉर्क में पन्द्रह हजार महिलाओं ने उचित वेतन और मतदान अधिकारों की मांग करते हुए मार्च निकाला। 1909 में अमेरिका ने पहली बार ह्लराष्ट्रीय महिला दिवसह्व मनाया। 1910 में, जर्मन कार्यकर्ता क्लारा जेटकिन ने इसे एक अंतरराष्ट्रीय आयोजन बनाने का सुझाव दिया। 1911 में कई देशों में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। 1917 में, रूस की महिलाओं ने हड़ताल कर बेहतर परिस्थितियों की मांग की, जिससे 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मान्यता मिली। संयुक्त राष्ट्र ने 1975 में इसे औपचारिक रूप से मान्यता दी, जिससे यह एक महत्वपूर्ण वैश्विक आयोजन बन गया। यह दिवस केवल जश्न का दिन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी दिन है। यह हमें याद दिलाता है कि जब तक लैंगिक समानता पूरी तरह हासिल नहीं होती, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

महिलाओं से जुड़े मामलों जैसे महिलाओं की स्थिति, कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, गांवों में महिला की अशिक्षा एवं शोषण, महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराध को एक बार फिर चर्चा में लाकर यह दिवस एक सार्थक वातावरण का निर्माण करने की आवश्यकता को व्यक्त करता है। जन-चेतना के एक टीस से मन में उठती है कि आखिर नारी कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा? विडम्बनापूर्ण तो यह है कि महिला दिवस जैसे आयोजन भी नारी को उचित सम्मान एवं गौरव दिलाने की बजाय उनका दुरुपयोग करने के माध्यम बनते जा रहे हैं। शताब्दियों से चली आ रही अर्थहीन परम्पराओं और आत्महीनता के मनोभावों को निरस्त करने के लिए प्रतिरोधात्मक चेतना का विकास करना नितांत अपेक्षित है। नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। वह जीवनदायिनी है, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ममता, और त्याग का स्वरूप माना गया है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, फिर भी कई चुनौतियां उनके सामने खड़ी हैं। समाज में आज भी घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा में असमानता, दहेज प्रथा, बाल विवाह जैसी बुराइयां मौजूद हैं। अगर हम किसी समाज को मजबूत बनाना चाहते हैं, तो सबसे पहले हमें महिलाओं को सशक्त बनाना होगा।

महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके अधिकार, शिक्षा, रोजगार और स्वतंत्रता देना ताकि वे अपने जीवन को अपनी शर्तों पर जी सकें। जब तक स्त्री की अन्याय के प्रति विद्रोही चेतना का जागरण नहीं होता, वह अपने अस्तित्व को सही रूप में नहीं समझ सकती। उसे अपने परम्परागत महत्व एवं शक्ति को समझना होगा, वैदिक परंपरा दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में, बौद्ध अनुयायी चिरंतन शक्ति प्रज्ञा के रूप में और जैन धर्म में श्रुतदेवी और शासनदेवी के रूप में नारी की आराधना होती रही है। लोक मान्यता के अनुसार मातृ वंदना से व्यक्ति को आयु, यश, स्वर्ग, कीर्ति, पुण्य, बल, लक्ष्मी पशुधन, सुख, धनधान्य आदि प्राप्त होता है, फिर क्यों नारी की अवमानना होती है? नारी धरती की धुरा है। स्नेह का स्रोत है। मांगल्य का महामंदिर है। परिवार की पीढ़िका है। पवित्रता का पैगाम है। उसके स्नेहिल साए में जिस सुरक्षा, शीतलता और शांति की अनुभूति होती है वह हिमालय की हिमशिलाओं पर भी नहीं होती। नारी जाति के अलंकरण हैं-सादगी और सात्विकता। सत्यं, शिवं सुंदरं की समन्विति कृत्रिम संसाधनों से नहीं, अनंत स्तेज को निखारने से हो सकती है। सुप्रसिद्ध कवयित्रि महादेवी वर्मा ने ठीक कहा था-ह्यनारी सत्यं, शिवं और सुंदर का प्रतीक है। उसमें नारी का रूप ही सत्य, वात्सल्य ही शिव और ममता ही सुंदर है। इन विलक्षणताओं और आदर्श गुणों को धारण करने वाली नारी फिर क्यों बार-बार छली जाती है, लूटी जाती है? महिलाओं के युग बनते बिगड़ते रहे हैं। कभी उनको विकास की खुली दिशाओं में पूरे वेग के साथ बढ़ने के अवसर मिले हैं तो कभी उनके एक-एक कदम को संदेह के नागों ने रोका है। कभी उन्हें पूरी सामाजिक प्रतिष्ठा मिली है तो कभी वे समाज के हाशिये पर खड़ी होकर स्त्री होने की विवशता को भोगती रही है। कभी वे परिवार के केंद्र में रहकर समग्र परिवार का संचालन करती हैं तो कभी अपने ही परिवार में उपेक्षित और प्रताड़ित होकर निष्क्रिय बन जाती है।

# नारी तू नारायणी : घर की दहलीज से आसमान की उड़ान


प्रदीप कुमार वर्मा

वेलकम इंडिया

वेद और पुराण सहित अन्य धार्मिक ग्रंथों में वर्णित देवी तुल्य महिमा। आबादी के गणित के लिहाज से आधी दुनिया। घर और परिवार के साथ देश और दुनिया की सेवा का दम। और समाज और राष्ट्र के विकास में पुरुषों के समान भागीदारी। अपने जन्म से लेकर मृत्यु तक दो कुल तथा वंश को कृतार्थ करने वाली महिला की यही दास्तां है। नारी शक्ति की इसी सामर्थ्य और समर्पण को रेखांकित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस भी एक मौका है। महिला अधिकारों के लिहाज से आज का पावन यह दिन लैंगिक समानता के बारे में जागरूकता बढ़ाने, महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और लिंग आधारित हिंसा तथा भेदभाव जैसे मुद्दों पर मंथन के लिए एक मंच भी है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का उद्देश्य समाज में महिलाओं को बराबरी का हक दिलाने के साथ ही किसी भी क्षेत्र में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने के मकसद से मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास की बात करें तो, इसकी शुरूआत 20वीं शताब्दी में हुई। आज यानि वर्ष 1908 में 08 मार्च को न्यूयॉर्क शहर में करीब 15 हजार महिलाओं ने काम करने की बेहतर परिस्थितियों, कम काम के घंटे, और वोटिंग के अधिकार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था।

इसके बाद 1910 में डेनमार्क की समाजवादी नेता क्लारा जेटकिन ने इस दिन को महिलाओं के सम्मान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। इस दिन को अंतरराष्ट्रीय बनाने का विचार क्लारा जेटकिन नाम की महिला के दिमाग में सबसे पहले आया था। उन्होंने अपना ये आइडिया 1910 में कोपनहेगन में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ वर्किंग वीमेन में दिया था। इस कॉन्फ्रेंस में 17 देशों की 100 महिला प्रतिनिधि हिस्सा ले रही थीं और सबने क्लारा के सुझाव का स्वागत किया था। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पहली बार 1911 में ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी, स्विट्जरलैंड में मनाया गया। इसका शताब्दी आयोजन वर्ष 2011 में मनाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस न केवल महिलाओं के योगदान और बलिदान का जश्न मनाता है, बल्कि लैंगिक समानता के लिए चल रहे संघर्ष की याद भी दिलाता है। यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में की गई प्रगति पर विचार करने और दुनिया भर में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने का दिन है। हालांकि यह भी सही है कि इस मामले में अभी दिल्ली दूर ही है।

महिला सशक्तिकरण के लिए आज के दिन महिलाओं के राष्ट्र और समाज के प्रति योगदान को याद किया जा रहा है। भारत में जब भी महिलाओं के सशक्तिकरण की बात होती है तो महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई एक प्रतीक के रूप में सामने आती हैं। वर्ष 1857 में देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली रानी लक्ष्मीबाई के अप्रतिम शौर्य से चकित अंग्रेजों ने भी उनकी प्रशंसा की थी। अपने दम पर सफलता की नई इबारत लिखने वाली महिलाओं में स्वर कोकिला सरोजिनी नायडू से लेकर पैरालंपियन अवनी लेखरा तक का नाम सामने आता है। देश के कई नामचीन आर्थिक संस्थानों के शीर्ष पदों पर महिलाएं कार्यभार संभाल कर देश के विकास में अपना योगदान दे रही हैं। इनमें अरुंधति महाचार्य, शिखा शर्मा, नैनालाल किदवई एवं सावित्री जिंदल जैसे नाम शामिल हैं। कोविड-19 जैसी महामारी के दौरान कोरोना योद्धा के रूप में महिला डाक्टरों, नर्सो, आशा वर्करों एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं व समाजिक कार्यकर्ताओ ने अपनी सेवाएं दी। कोरोना टीकाकरण अभियान में भारत बायोटेक की संयुक्त एमडी सुचित्रा एला को स्वदेशी कोविड -19 वैक्सीन कोवैक्सिन विकसित करने में उनकी भूमिका के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया

## आबकारी दुकानों की लाइसेंस फीस 12 मार्च 2025 तक अनिवार्य रूप से जमा करें आवंटी: जिला आबकारी अधिकारी

**अमेठी।** जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश कुमार आर्य ने बताया कि जनपद अमेठी में दिनांक 6 मार्च 2025 को 233 आबकारी दुकानों का ई-लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से आवंटन किया गया है, जिसमें 142 देशी मदिरा, एक मॉडल शॉप, 85 कंपोजिट दुकान तथा 5 भांग की दुकानों का व्यवस्थापन किया गया है। इस संबंध में उन्होंने सभी आवंटियों को सूचित करते हुए बताया है कि वह आज दिनांक 07.03.2025 से जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय गौरीगंज अमेठी से संपर्क कर अपना आवंटन आदेश प्राप्त कर लें तथा आवंटित दुकान से संबंधित निर्धारित लाइसेंस फीस अनिवार्य रूप से दिनांक 12.03.2025 तक जमा कर दें यदि निर्धारित तिथि में लाइसेंस फीस आवंटी द्वारा जमा नहीं की जाती है तो उनका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि लाइसेंस फीस जमा करने के उपरांत प्रत्येक दुकान की निर्धारित प्रतिभूति (सिक्योरिटी) 35 दिन के अंदर जमा करना अनिवार्य है।

# बरसाना पहुंचे मुख्यमंत्री योगी, किया रंगोत्सव 2005 का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मथुरा/बरसाना।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक दिवसीय दौरे पर बरसाना में ह्यरंगोत्सव 2025ह्ण का शुभारंभ करते हुए कहा कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फूलों व लड्डूमार होली के जरिए रंगोत्सव की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 5 हजार साल से भारत की सनातन संस्कृति को ऊर्जा देने वाली यह ब्रज भूमि श्रद्धा और आस्था की धरा है। इसके कण-कण में श्री राधा और श्री कृष्ण के दर्शन होते हैं।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रंगोत्सव शुभारम्भ के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता के प्रतीक के रूप में मौजूद हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विरासत और विकास की नई परंपरा स्थापित हुई है, जिसका परिणाम हाल ही में संपन्न प्रयागराज महाकुम्भ के भव्य आयोजन के रूप में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि जो जितना सनातन धर्म के खिलाफ बोलता था अफवाह फैलाता था और तर्कहीन बातें करता था उन्हें सनातन धर्मावलम्बियों ने महाकुम्भ के जरिए करारा जवाब दिया है। महाकुम्भ सनातन धर्म का क्षण बन गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार के बजट में ब्रज भूमि के विकास के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि करोड़ों की योजनाओं के साथ बरसाना को विकास से जोड़ा जा रहा है। पहली बार बरसाना में रोपवे की सुविधा शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ सकुशल सम्पन्न होने के बाद अब फुरसत मिली है। काशी, अयोध्या, प्रयागराज, मां विंध्यवासिनी धाम के विकास के उपरांत अब बारी इसी पुण्य भूमि की है। सीएम ने आश्वस्त किया कि मथुरा, बरसाना, ब्रजभूमि के विकास के लिए कोई सीमा नहीं है। उन्होंने दिल्ली में रामभक्तों की सरकार आने का जिक्र करते हुए यमुना के संरक्षण का वादा दोहराया। सीएम ने कहा कि अब यमुना मइया भी गंगा मां की तरह निर्मल और अविरल होंगी।

इससे पूर्व मंच पर पहुँचने पर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र ने मुख्यमंत्री को श्री राधाकृष्ण की प्रतिमा भेट की। प्रभारी मंत्री संदीप सिंह और गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने सम्बोधन करते हुए मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इस अवसर पर संतजन विनोद बाबा, रामसुख दास, माधवदास मौनी बाबा, फलहारी बाबा, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायकगण मेघश्याम सिंह, पूरन प्रकाश, राजेश चौधरी, योगेश चौधरी, ओम प्रकाश सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह, भाजपा नेता निर्भय पांडेय, घनश्याम सिंह लोधी, नगर पंचायत अध्यक्ष बरसाना श्रीमती विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### होली एकता और सद्भाव का त्योहार

सीएम योगी ने होली को एकता का सूत्र बताते हुए कहा कि होली आपसी सद्भाव और दूरियों को मिटाने का त्योहार है। महाकुम्भ ने जहां दुनिया को एकता का संदेश दिया, वहीं होली इसे और मजबूत करती है। उन्होंने बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लठ्ठमार होली और लड्डूमार होली का जिक्र करते हुए सनातन धर्म की अद्भुत परंपराओं की सराहना की।

### बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने संतों का सम्मान किया और देश–दुनिया से आए लोगों को होली व रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक है। यह ब्रज भूमि हर सनातन धर्मावलंबी के लिए आशीर्वाद का केंद्र है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सुरक्षा, विकास और समृद्धि की गारंटी है। होली के इस पावन अवसर पर ब्रज भूमि के विकास को नई गति मिलेगी। सीएम ने इससे पहले श्री लाडली जी महाराज के मंदिर में दर्शन पूजन कर प्रदेश के कल्याण की कामना की। प्रशिद्ध नृत्यांगना गीतांजली शर्मा ने अपने समूह के साथ नृत्य के जरिए फूलों की होली पर विशेष प्रस्तुति दी।

## नहाते समय अश्लील वीडियो बनाने का आरोप विरोध करने पर मारपीट

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही तीन युवकों पर नहाते समय बुरी नजर से देखने का आरोप लगाया है।पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर तीनों युवकों ने पीड़िता व उसके पति को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने शुक्रवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने घर के आंगन में बने स्नान ग्रह में नहा रही थी। आरोप है कि इसी बीच पड़ोस के ही तीन युवक पीड़िता की छत पर पहुंचे और पीड़िता को नहाते हुए बुरी नजर से देखने लगे।जैसे ही पीड़िता की नजर तीनों युवकों पर पड़ी तो पीड़िता ने विरोध किया। आरोप है कि तीनों युवकों ने पीड़ित महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। इसी बीच शोर शराबा सुनकर पीड़िता का पति भी मौके पर आ गया। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़िता के पति को भी मारपीट कर घायल कर दिया।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में पेंशनर कक्ष के निर्माण हेतु किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर द्वारा कलेक्ट्रट परिसर में कोषागार कार्यालय के आस-पास पेंशनर कक्ष के निर्माण हेतु स्थल का चयन करने के दृष्टिगत वरिष्ठ कोषाधिकारी एवं कलेक्ट्रट कार्मिकों के साथ सम्भावित स्थल के चयन हेतु परिसर का निरीक्षण किया गया।

उल्लेखनीय है कि जनपद के पेंशनरों द्वारा बैठने की सुविधा आदि के दृष्टिगत जिलाधिकारी से कलेक्ट्रट परिसर में एक पेंशनर कक्ष जिसमे शौचालय आदि की सुविधा हो, के निर्माण की मांग की गयी थी जिसके लिये जिलाधिकारी द्वारा वरिष्ठ कोषाधिकारी को एक कक्ष की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके क्रम आज जिलाधिकारी द्वारा स्वयं कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कोषागार कार्यालय के आसपास पेंशनर कक्ष के निर्माण हेतु उचित स्थल की तलाश हेतु निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वरिष्ठ कोषाधिकारी से पेंशनर कक्ष के ले-आउट, शौचालय, कक्ष का साइज आदि के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये तथा कहा कि पेंशनर की सुविधा के दृष्टिगत कक्ष का निर्माण कराया जाना आवश्यक है। निर्माण कार्य एवं बजट की व्यवस्था आदि से सम्बंधित कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये।

इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी त्रिभुवन लाल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी/नाजिर बद्री प्रसाद, ओएसडी राकेश कुमार सहित सम्बंधित आदि उपस्थित रहे।

## हर बुराई से बचाती है नमाज: मौलाना आकिल

**कांधला।** माहे रमजान के पहले जुमे की नमाज कस्बे और क्षेत्र की मस्जिदों में हर्षोल्लास के साथ अदा की गई। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से मस्जिदों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा। माहे रमजान के पहले जुमे की नमाज कस्बे और क्षेत्र की मस्जिदों में हर्षोल्लास के साथ अदा की गई। शुक्रवार के दिन बाजारों में भारी चहल-पहल नजर आई। कस्बे की नई बस्ती में स्थित हमजा मस्जिद में कारी फरमान ने जुमे की नमाज अदा करने पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोगों को खिताब करते हुए फरमाया कि रमजान का महीना बा बरकत महीना है।? इस महीने में शैतान को कैद कर दिया जाता है। रमजान के महीने में इंसान को जमकर खुदा की इबादत करनी चाहिए। क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत स्थित मदरसा जामिया बदरुल उलूम में हजरत मौलाना आकिल साहब ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को खिताब करते हुए फरमाया कि रोजा रखना फर्ज है। इंसान को रमजान के मुबारक महीने में रोजे रखना चाहिए और उनका एहतमाम करना चाहिए। नमाज इंसान को हर बुराई से बचाती है।

# सनातन संस्कार धाम में हुआ नव संवत 2083 के सनातन पंचांग का विमोचन

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** आनंद वाटिका स्थित सनातन संस्कार धाम में संतों व विद्वानों के द्वारा नव संवत 2083 के सनातन पंचांग का विमोचन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया।

सनातन संस्कार धाम के संस्थापक, राष्ट्रीय प्रवक्ता भागवत भूषण आचार्य रामविलास चतुर्वेदी ने बताया कि उनके द्वारा प्रत्येक वर्ष सनातन पंचांग का निर्माण मथुरा के अक्षांश-रेखांश को लेकर के किया जाता है।इस पंचांग में तिथि, मुहूर्त, व्रत, पर्व का विस्तृत वर्णन किया जाता है। सनातन पंचांग की विशेषता है कि इसमें सभी व्रत एवं पर्वों को एक तिथि में मनाए जाने का निर्णय दिया जाता है। पंडित बिहारी लाल वशिष्ठ ने कहा कि आचार्य रामविलास चतुर्वेदी के द्वारा यह प्रत्येक वर्ष सनातन पंचांग का निर्माण कर पूरे भारतवर्ष में 18000 पंचांग निःशुल्क वितरण किए जाते हैं।

श्रीमद्जगतगुरु विष्णु स्वामी विजयराम देवाचार्य महाराज ने कहा कि सनातन पंचांग समस्त हिंदुओं के लिए बहुत ही उपयोगी है।जिसमें तिथि मुहूर्त के साथ अंक ज्योतिष का भी विस्तार से वर्णन किया गया है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं आचार्य बद्रीश महाराज ने कहा कि यह पंचांग पूरे भारतवर्ष में सभी प्रमुख मंदिरों पर सनातन संस्कार सेवा संस्थान के द्वारा वितरित किया जाता है।

महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज एवं धर्म रत्न स्वामी बलरामाचार्य महाराज ने कहा कि सनातन संस्कार धाम के तत्वावधान में जिस प्रकार से पंचांग का निर्माण कर समाज को एक सरल और श्रेष्ठ व्रत पर्व तथा सनातन संस्कृति को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है,यह बहुत ही श्रेयकर है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज, आचार्य ईश्वरचंद्र रावत, डॉ. राधाकांत शर्मा, गुलशन चतुर्वेदी, जितेंद्र चतुर्वेदी, ब्रजेश चतुर्वेदी, गजेंद्र चतुर्वेदी, सिद्धार्थ शास्त्री, हरिवल्लभ शास्त्री एवं अनिल शास्त्री आदि की उपस्थिति विशेष रही।

### बीएसए कॉलेज में बड़ा अवसर

# बीएड/एमएड प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षाए शुरू

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** बी०एस०ए० कॉलेज, मथुरा के शिक्षा संकाय द्वारा बीएड/एमएड प्रवेश परीक्षा 2025 की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षाएँ प्रारंभ की गई हैं। यह स्वर्णिम अवसर उन छात्रों के लिए है जो प्रवेश परीक्षा की बेहतरीन तैयारी करना चाहते हैं लेकिन संसाधनों की कमी के कारण उचित मार्गदर्शन प्राप्त नहीं कर पा रहे थे।

बी०एस०ए० कॉलेज के प्राचार्य डॉ ललित मोहन शर्मा ने इस विशेष पहल पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा,

₹हमारा लक्ष्य है कि शिक्षा हर छात्र तक पहुंचे, चाहे उसकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो। यह निःशुल्क कोचिंग विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिससे वे अपने सपनों को साकार कर सकें। बी०एस०ए० कॉलेज हमेशा से ही छात्रहित को प्राथमिकता देता आया है और यह कदम उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। मैं सभी विद्यार्थियों से अनुरोध करता हूँ कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं।₹

निःशुल्क कोचिंग कक्षाएँ 4 मार्च 2025 से शिक्षा संकाय, ब्लॉक-बी, बी०एस०ए० कॉलेज, मथुरा में संचालित हो रही हैं। ये कक्षाएँ अनुभवी प्राध्यापकों द्वारा संचालित की जा रही हैं, जो विद्यार्थियों को परीक्षा की बारीकियों से अवगत कराएंगे और उन्हें सफलता के लिए तैयार करेंगे।

इस निःशुल्क कोचिंग का लाभ उठाने के लिए इच्छुक छात्र-छात्राएँ महाविद्यालय के शिक्षा संकाय में संपर्क कर सकते हैं या निम्नलिखित शिक्षकों से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं– डॉ० बी० के० गोस्वामी (संयोजक) झ 9410039595 डॉ० रवीश शर्मा (समन्वयक, महाविद्यालय मीडिया) झ 9456008166 डॉ० अभिषेक कुरुश्रेष्ठ (शिक्षा संकाय) झ 9897636533 डॉ० ब्रजेश बंसल (शिक्षा संकाय) झ 9897254775

इस निःशुल्क कोचिंग में सीटें सीमित हैं, इसलिए इच्छुक छात्र शीघ्र पंजीकरण कराएं और प्रवेश परीक्षा में सफलता की ओर अपना पहला कदम बढ़ाएँ!

## माहे रमजान में अल्लाह की रहमत बरसती है: जफीर करखी

**संतकबीरनगर।** रमजान मुबारक का महीना आते ही दिल बदल जाता है।अल्लाह की रहमत की बारिश होने लगती है।दिन रात का का हर लम्हा रोशनी में नहा जाता है।मस्जिदें आबाद हो जाती हैं।सुबह भोर में सेहरी का दृश्य रोजेदारों के लिए खुशनुमा शांतिपूर्ण रहता है। आध्यात्मिक सुकून मिलता है। ये महीना सिर्फ रोजों का नहीं है।अपितु सबर, संयम, इबादत, प्रेम,बंधुत्व, मुहब्बत ,भाईचारा, सहयोग, समर्पण ,दान पुण्य कमाने का महीना है। ये महीना भूखों, गरीब,अनाथ विधवा,की हालत पर गौर करने की शिक्षा देता है।दिलों को नरम करता है।लोगों की मदद करने के लिए प्रेरित करता है। माहे रमजान के रोजे जन्नत का सस्ता सौदा है।नेकियों को इस महीने खूब इबादत, तिलावत,नमाज ,जिक्र से कमाएं।जहन्नम से रिहाई का समय है। ये मुबारक लम्हे कहीं यूं ही न गुजर जाएं।

# माहे रमजान के पहले जुमा की नमाज दुआए मगफिरत के साथ संपन्न हुए

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** पवित्र माहे रमजान के छठवें दिन जुमा का दिन है।छ रोजे मुकम्मल हो चुके हैं।जुमा के दिन को साप्ताहिक ईद कहा जाता है।नमाज जुमा को लेकर मुसलमानों के घर सुबह से लेकर ही नहाना धोना साफ कपड़े पहनना खुशबू लगाना ,समय से मस्जिद जाना होता है।

आज माहे रमजान के पहले जुमा के दिन रोजेदार बड़ी संख्या में अपने अपने गांव कस्बों चौराहों पर स्थित मस्जिदों एवं जामा मस्जिद में समयानुसार बड़े ही अकीदत अदब एवं एहतराम के साथ जुमा की नमाज अदा की।अल्लाह से घर परिवार देश प्रदेश की सुख समृद्धि शांति मगफिरत की दुआएं मांगी।

ब्लॉक मुख्यालय सेमरियावां सहित दुधारा , असरा शहीद,बाघ नगर ,पैड़ी,करही,दानुकोईयां, बिगरा मीर, नौआ गांव, सलेहपुर ,महदेव, चिउटना ,आगया,पिपरा तिलजा, कोहरियावा,मुंडाडीहा बेग , दरियाबाद आदि बड़े गांव, चौराहों, कस्बों,बाजारों में स्थित बड़ी मस्जिदों, जामा मस्जिदों में नमाज जुमा अदा करने करने के लिए लोग दूर दराज से नमाज अदा करने आते हैं।जुमा के दिन सवेरे ही नमाजियों से मस्जिदें आबाद रहती हैं। माहे रमजान का छठवां दिन जुमा का दिन है। इस दिन मस्जिदों में रोजेदार की तादाद पहले की अपेक्षा अधिक रही।इसके लिए नमाजी रोजेदार को दिक्कत न हो जगह जगह विशेष इंतेजाम किए गए।ये इबादत का महीना है।रहमत का महीना है। मगफिरत का महीना है।बूढ़े बुजुर्ग सुबह तैयार होकर आस पास की बड़ी जामा मस्जिद अथवा गांव की मस्जिद में सुबह से एकत्र होने लगते है।

इबादत दुआ जिक्र, कुरान पाठ,अल्लाह से अपनी गुनाहों की माफी क्षमा याचना करते है।पवित्र धर्मग्रंथ कुरान का पाठ पढ़ते हैं।इस मौके पर गरीब जरूरतमंद की मदद दान दक्षिणा जकात देते हैं।मदरसों की भी दिल खोलकर मदद करते हैं।

# ग्रामीणों को भी उत्पाती बंदरों से मिले मुक्ति : तोमर

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** नगर निगम प्रशासन ने श्रद्धालुओं और महानगर की जनता को उत्पाती बंदरों से राहत दिलाने के लिए संस्था को लगाया हुआ है। संस्था ने अब तक हजारों मथुरा वृंदावन से हजारों बंदरों को पकड़ कर कहीं छोड़ दिया है। भाकियू चढ़ूनी प्रवक्ता एवं मंडल अध्यक्ष आगरा मंडल रामवीर सिंह तोमर ने मांग की है कि बंदरों को पकड़ कर छोड़ने से पहले प्रशासन को बंदरों के पुनर्वास के लिए ठोस योजना पर काम करना चाहिए क्योंकि इस तरह छोड़ने से भूखे बंदर आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में घुस सकते हैं और पहले से ही उत्पाती बंदरों से परेशान ग्रामीणों के साथ गंभीर समस्या खड़ी हो जाएगी। आंगई के मेहताब सिंह सिकरवार, सोहन सिंह, जादौपुर के सोरन सिंह, पंचम सिंह, बरौली के श्याम सिंह, हरिपाल सिंह, हथकौली के डा रमेश चंद्र सिकरवार, केदारी प्रधान, दघेंटा के रामप्रकाश ,ओमवीर सिंह सैदपुर के गुड्डू सरपंच सहित तमाम गांव के लोगों ने कहा है कि महानगर से पकड़े बंदरों को ग्रामीण इलाकों से दूर छोड़ा जाना चाहिए। उत्पाती बंदरों ने बुजुर्ग महिला पुरुषों और बच्चों का छत पर पहले से ही निकलना दूभर कर दिया है। अकेले बुजुर्ग,महिला, बच्चों पर हमला कर देते हैं। लोगों के लिए गंभीर समस्या बन गए हैं। काटने पर रेबीज के इंजेक्शन अलग से लगवाने पड़ते हैं। मौका लगते ही बंदर घरों में कीमती सामान, दवाइयां, चश्मे, मोबाइल तक लेकर भाग जाते हैं। हालत ये हैं कि बंदरों बंदरों से बचने के सारे उपाय फेल हो गए हैं। गुलेल से लेकर पटाखे फोड़ कर बंदरों को डरा रहे हैं फिर भी बंदरों से पार पाना मुश्किल हो गया है। छतों पर ग्रामीण महिलाएं रोटी बनातीं हैं तो बंदर तवे से रोटी लेकर भाग जाते हैं। ग्रामीणों ने भालू पार्क की तर्ज पर मंकी पार्क बनाकर बंदरों के छुटकारे की मांग की है।

## पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज 08 मार्च से वृन्दावन में कहेंगे श्रीमद्भागवत कथा



**वृन्दावन।** परिक्रमा मार्ग स्थित सुखधाम आश्रम में होली के उपलक्ष्य में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव दिनांक 08 से 14 मार्च 2025 पर्यन्त अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है। जानकारी देते हुए प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि श्रीमज्जगद्गुरु पीपाद्वाराचार्य बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले इस सप्त दिवसीय महोत्सव का शुभारभ 08 मार्च को प्रातःकाल गाजे-बाजे के मध्य निकलने वाली श्रीमद्भागवतजी की भव्य शोभायात्रा के साथ होगा।तत्पश्चात पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज अपनी सुमधुर वाणी में पूर्वाह्न 10 से अपराह्न 01 बजे तक समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत की अमृतमयी कथा श्रवण कराएंगे।जिसमें सभी प्रभु भक्त सादर आमंत्रित हैं।

# दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की दिलाई शपथ

वेलकम इंडिया



**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ, सद्भावना कल्चरल क्लब, रेंजर्स विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाध्धान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बृजभूषण द्वारा छात्राओं को 'दहेज मुक्त भारत' एवं 'नशा मुक्त भारत' के लिए प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गई ।इस कार्यक्रम में 108 छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा महाविद्यालय के 10 प्राध्यापक उपस्थित रहे। प्राचार्य ने छात्राओं को दहेज एवं नशे की लत के दुष्परिणाम बताते हुए प्रतिभागी छात्राओं को गूगल फॉर्म पर पंजीकरण करने से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन महिला प्रकोष्ठ की सहसंयोजिका डॉक्टर दीप्ति चौधरी द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में डॉ प्रदीप कुमार, डॉ बृजेश राठी, डॉ रामायन राम, रेंजर्स प्रभारी डॉक्टर अंकिता त्यागी, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर श्याम बाबू, डॉ विनीता आदि उपस्थित रहे।

# भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अपर नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** 4 मार्च 2025 को उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में संघीय मानसिकता के तहत बीजेपी की तथाकथित एबीवीपी के लोगों ने नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद एवं विनय रतन सिंह के कार्यक्रम में जाकर जो हुडदंग मचाया था उसके विरोध में शुक्रवार को भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन (बरेली) के जिला अध्यक्ष जितेंद्र गौतम व भीम आर्मी आजद समाज पार्टी के लीगल सेल के जिला अध्यक्ष नेत्रपाल सिंह एडवोकेट व मंडल अध्यक्ष अमर सिंह एडवोकेट ने अपनी टीम के साथ संयुक्त रूप से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिला कलेक्ट्रेट पहुँचकर अपर नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर मांग की, कि तत्काल उड़ीसा राज्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पर रोक लगाई जाए, भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना से सांसद भाई चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर कायराना हमला बेहद निंदनीय और शर्मनाक है। यह हमला न केवल जनप्रतिनिधि पर है बल्कि संविधान, लोकतंत्र और दलितों की आवाज पर हमला है। यह हमला दशार्ता है कि उत्तर प्रदेश में सत्ता के संरक्षण में जातिगत ताकतें आज भी संगठित रूप से दलितों को दबाने का प्रयास कर रही हैं। भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी का लीगल सेल इस हमले की कड़ी निंदा करता हैं और उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करता है कि वह इस मामले की सीबीआई जाँच कराये और दोषी पाये जाने वाले लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाये। साथ ही नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद को जैड प्लस सुरक्षा दी जाए और पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने भारत सरकार से भी मांग की, कि इस प्रकार की हिंसा पर वह अपनी चुप्पी तोड़े और अपराधियों को संरक्षण देना बंद करे। यह अन्याय अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर प्रशासन दोषियों पर कार्रवाई करने में विफल रहता है, तो बहुजन समाज चुप नहीं बैठेगा और सड़कों पर उतरकर न्याय की लड़ाई लड़ेगा। शुक्रवार के इस विरोध प्रदर्शन में संयुक्त रूप से अमर सिंह एडवोकेट लीगल मंडल अध्यक्ष के साथ जिला छात्र संघ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र गौतम, भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के लीगल सेल के जिला अध्यक्ष नेत्रपाल सिंह एडवोकेट, कुणेंद्र पाल एडवोकेट, भीम आर्मी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अतुल वाल्मीकि, जसवीर एडवोकेट, आजाद समाज पार्टी काशीराम की जिला प्रभारी बहन सुशीला के साथ जिला व मंडल के सभी साथी भारी संख्या में मौजूद रहे।

## सड़क हादसों में मजदूर व युवक की मौत

**बुलंदशहर।** जिले में विभिन्न स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में एक युवक व एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले में रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू की है। हादसे के बाद दोनों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कोतवाली देहात क्षेत्र के नेशनल हाईवे 34 स्थित गांव दरियापुर के पास एक कार ने मजदूर को टक्कर मार दी। नगर के मोहल्ला सिविल लाइंस निवासी शुभम शर्मा ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उनके दरियापुर स्थित कृषि फार्म पर अमरोहा निवास कलुआ (48) काम करते हैं। बताया कि मंगलवार को वह बाइक पर उनके साथ राशन लेने जा रहे थे। इसी दौरान दरियापुर के पास हाईवे पर कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें कलुआ घायल हो गए। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद लोगों ने कार चालक का पीछा करते हुए पकड़ लिया लेकिन चालक कार छोड़कर फरार हो गया।

# ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले दूधियों से शहरी क्षेत्र की महिलाएं परेशान

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्र में दूध बिक्री करने के लिए आने वाले दूधियों से इन दिनों महिलाएं खासी परेशान नजर आ रही है। शहर के तमाम चौराहों पर इन दूधियों ने अपने अड्डे बना रखे हैं, सुबह सवेरे ही इन दूधियों का शहर के इन्ही अड्डों पर आना शुरू हो जाता है, सुबह सवेरे मंदिरों में महिलाएं पूजा अर्चना करने के लिए जब निकलती है तब इन दूधियों के द्वारा उन पर अभद्र टिप्पणी की जाती है, जिससे परेशान महिलाएं अब मुखर होने लगी हैं कुछ ऐसी ही महिलाओं ने जो इन दूधियों की गलत हरकतों की वजह से परेशान हैं, उन्होंने हमारे संवाददाता को बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले दूधियों द्वारा शहर के तमाम इलाकों में जमावाड़ा कर लिया जाता है और जब हम लोग पूजा अर्चना करने के लिए मंदिरों में जाते हैं तो उनके द्वारा हमें देखकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है, बरेली की पुलिस को इस प्रकार के कृत करने वाले दूधियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए इनके अड्डों को तत्काल प्रभाव से खत्म कराना चाहिए। आपको बता दें कि त्योहारों के सीजन में अक्सर दूध, दही, मट्ठा, खोया, पनीर, देसी घी इत्यादि की अत्यधिक मांग बढ़ जाती है वही इसमें मिलावट करने वाले मिलावटखोरों की भी खूब चांदी होने लगती है लेकिन इस बार एक अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है शहरी क्षेत्र के व्यापारी और दुकानदारों के साथ अब देहात क्षेत्र के लोग भी मिलावट खोरी का धंधा करने पर उतर आए हैं आंवला, देवचरा, फरीदपुर, मीरगंज, बहेड़ी आदि क्षेत्रों से लोग दूध, दही, मट्ठा, पनीर, देसी घी इत्यादि खाद्य सामग्री लेकर शहर के मुख्य चौराहा और प्रतिष्ठित स्थानों पर जमावाड़ा करते हैं और वहीं से अपनी खाद्य सामग्री को असली और शुद्ध बता कर मोटी रकम वसूलते हैं यही नहीं देहात क्षेत्र से आने वाले यह दूधिया ग्राहकों से खास तौर से महिलाओं से अभद्र भाषा का प्रयोग भी करते हैं जिसको लेकर महिलाओं में खासा रोष व्याप्त है, एक महिला ने बताया कि करगैना के 84 घंटा मंदिर के पास आंवला क्षेत्र से तमाम दूधिया आते हैं और जमावाड़ा करते हैं मंदिर पर आने वाली महिलाओं को देखकर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं और गंदे गंदे इशारे करते हैं महिला ने कहा है कि हमारी जिला प्रशासन से मांग है कि इन अवैध दूधियों के अड्डों को तत्काल बंद किया जाना चाहिए और उनके द्वारा लाई गई सामग्री की भी जांच की जानी चाहिए जिससे जिले के लोगों को मिलावटी खाद्य सामग्री उपयोग करने से रोका जा सके।

# विवेक अकादमी ,मेजबान प्रतापगढ़ , करमपुर ने जीते अपने अपने मुकाबले



वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़** ।खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय प्रतापगढ़ द्वारा ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी कुल 7 मैच खेले गए , दूसरे दिन का पहला मैच विवेक अकादमी वाराणसी और अयोध्या के बीच खेला गया जिसमें विवेक अकादमी के गौरव यादव के 3, कुनाल राजभर के 2,नवनीत प्रशांत गोलू गौतम के क्रमशः एक एक गोल की मदद से मुकाबले को शून्य के मुकाबले 9 गोल दागकर मुकाबले को अपने नाम कर लिया,दिन का दूसरा मैच मेजबान प्रतापगढ़ और आजमगढ़ के बीच खेला गया,मेजबान प्रतापगढ़ ने शुरूआत से ही दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मोहम्मद आरिश के 2,सूरज, मोहम्मद अहद,प्रशांत शुक्ला,और सौरव यादव के क्रमशः एक एक गोल की मदद से शून्य के मुकाबले 6 गोल से जीत लिया,दिन का तीसरा मैच करमपुर और वाराणसी के बीच खेला गया ,वाराणसी के लिए इशांत और इशांत ने एक एक गोल किए जबकि करमपुर के लिए एकमात्र गोल दिलीप राजभर ने किया , इस प्रकार मुकाबले को वाराणसी ने अपने नाम कर लिया ,दिन का चौथा मैच खेल छात्रावास झांसी और अयोध्या के बीच खेला गया ,खेल छात्रावास झांसी के लिए राघवेंद्र ने 5, अमित ने 3,विवेक ने 2,पवन और प्रद्युम्न ने एक एक गोल की मदद से झांसी छात्रावास ने दनादन 12 गोल मार दिए और अयोध्या की टीम गोल रहित रही,दिन का पांचवां मैच प्रयागराज और भदोही के बीच खेला गया भदोही के लिए अविनाश और अनुराग ने क्रमशः एक एक गोल किया जबकि प्रयागराज के लिए एकमात्र गोल अंकित ने किया , आज की मुख्य अतिथि नगर पंचायत रानीगंज की अध्यक्षा श्रीमती मीरा गुप्ता और उनके पति बद्री गुप्ता रहे इस मौके पर हॉकी प्रतापगढ़ के सचिव आजम अली,अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला,अनवर हॉकी सोसायटी के अमजद खान ,खुर्शीद खान ,जसीम खान ,जिला क्रिकेट के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना,जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह,एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव,कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार,खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह,फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश ,कंप्यूटर ऑपरेटर निखिल राणा उपस्थित रहे ,कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया ,अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया

# नई ई विटारा की लॉन्चिंग सेरेमनी की धमाकेदार शुरूआत केक काट हुई

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** मारुती सुजुकी नेक्सा का सीतापुर रोड पर स्थित वन अप मोटर्स के शोरूम मे कंपनी की इलेक्ट्रिक कार ई विटारा का सॉफ्ट लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के एडिशनल एडवोकेट जनरल विनोद कुमार शाही रहे। वन अप मोटर्स के एमडी यशवर्धन अग्रवाल, अभिमन्यु मंगलम, सुमन्यु मंगलम एवं सूर्या अग्रवाल ने कार्यक्रम की शुरआत गणपति पूजन से किया। उसके उपरान्त नारियल फोड़क 'नई ई विटारा की लॉन्चिंग सेरेमनी की धमाकेदार शुरूआत केक काट कर की। वन अप मोटर्स के एमडी ने कहा कि मारुती सुजुकी की ई-विटारा की लंबाई 4,275 मिमी, चौड़ाई 1,800 मिमी और ऊंचाई 1,635 मिमी है। इसका व्हीलबेस 2,700 मिमी है। साथ ही ग्राउंड क्लीयरेंस 180 मिमी है। वहीं कार का वजन 1,900 किलोग्राम तक है। लुक्स के मामले में यह एसयूवी काफी आकर्षत है। कार में आगे और पीछे की तरफ ट्राई-स्लैश एलईडी डेटाइम रनिंग लाइट, आगे के किनारों पर चार्जिंग पोर्ट और पीछे के व्हील आर्च पर कर्व दिए गए है। रियर डोर हैंडल को सी-पिलर तक ले जाया गया है, जो बिल्कुल पुरानी स्विफ्ट की तरह ही है.मारुति सुजुकी ी-श्र३१ को 49ह्वद्द और 61ह्वद्द दो बैटरी ऑप्शन में खरीदा जा सकता है. 49ह्वहँ वाले बैटरी ऑप्शन की ड्राइविंग रेंज से फिलहाल पर्दा नहीं उठाया गया है लेकिन 61ह्वहँ वाली बैटरी वेरिएंट 500 किलोमीटर तक की ड्राइविंग रेंज ऑफर करेगी.कंपनी की तरफ से अभी मारुति सुजुकी ी-श्र३१ की कीमत का खुलासा नहीं किया गया है। प्री लॉन्च सेरेमनी मे आये हिन्दु आर्मी चीफ एवं उत्तर प्रदेश के ट्रेवल टैक्सी ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील तिवारी ने कहा की यूपी सरकार के भव्य महाकुम्भ आयोजन से सबसे जायदा टूर एवं ट्रेवल एजेंसी हुई है।उन्होंने यूपी सरकार की नीतियों और आयोजन का समर्थन करते है जिसकी वजह से महाकुम्भ मे ट्रेवल एजेंसी को अच्छी कमाई हुई है।उन्होंने कहा सरकार 2030 तक सभी डीजल वाहन को समाप्त कर देगी।सभी कंपनी ई कार लॉन्च कर रही है। उन्होंने कहा मारुती बजरंगबली का नाम है कभी असफल नही हो सकती। उन्होंने कहा की आज प्री लॉन्च सेरेमनी है,पंद्रा दिन बाद ई विटारा लॉन्च होगी तब ही कंपनी इसकी कीमत बताएगी।

# पूर्व मंत्री भगवतशरण के बेटे अमित का अकस्मात निधन

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री रहे भगवत शरण गंगवार के छोटे बेटे अमित कुमार गंगवार का शुक्रवार सुबह निधन हो गया, 45 वर्ष के अमित गंगवार बीटेक किए हुए थे और जीटीआई में प्रवक्ता थे। उनकी पत्नी नेहा डीआरएम ऑफिस में कार्यरत हैं, उनके दो बेटे रूद्र तथा दर्श है। इनके बड़े भाई अतुल गंगवार की 4 वर्ष पहले ही मृत्यु हो चुकी है, पूर्व मंत्री के छोटे बेटे अमित को बुधवार को ब्रेन हेमरेज हो गया था, जिसके बाद उन्हे तत्काल मिनी बाईपास स्थित नवोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ अंततः सुबह करीब 8:30 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया, हालांकि शहर के प्रख्यात चिकित्सकों ने उन्हे बचाने की अपनी पूरी कोशिश की लेकिन वह भी उन्हे उन्हे बचा नही पाए। इस दुखद मृत्यु पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार ने प्राथमिक शिक्षकों की ओर से गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं, लाल बहादुर ने कहा कि अमित एक होनहार बेटा था, जिस पर सबको नाज था। उसकी अचानक मृत्यु होने पर कुर्मी क्षत्रिय सभा की ओर से गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की गई है, महासभा के अध्यक्ष के पी सिंह गंगवार ने अपनी कार्यकारिणी की ओर से संवेदनाएं व्यक्त की शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में योगेंद्र गंगवार, शेर सिंह गंगवार, यूनुस खान, डॉक्टर सत्यदेव, राजीव गंगवार, गौरव सक्सेना, पार्षद समीम खान, रमेश सागर, गौरव गंगवार, गीता यादव, रेनू गंगवार, बेबी तबस्सुम आदि ने गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

# जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत ताला में लगाई चौपाल, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

वेलकम इंडिया



**अमेठी।** शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय सत्यापन करने एवं ग्राम वासियों की शिकायतों के निस्तारण हेतु आज तहसील अमेठी अंतर्गत ग्राम पंचायत ताला में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में जिलाधिकारी निशा अनंत ग्रामीणों के मध्य पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीणों से लाभ मिलने की जानकारी ली तथा उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं एवं उनके सुझावों को सुना एवं प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

चौपाल में जिलाधिकारी ने एक-एक करके ग्राम वासियों से शासकीय योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी ली, सर्वप्रथम उन्होंने ग्राम वासियों से राशन कार्ड एवं राशन मिलने की जानकारी ली जिस पर पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि ग्राम पंचायत ताला में कुल 207 पात्र गृहस्थी एवं 111 अंत्योदय कार्ड धारक हैं, ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि कोटेदार द्वारा दो-दो किलो राशन कम दिया जाता है जिस पर जिलाधिकारी ने कोटेदार राम सजीवन मौर्या से कारण पूछा कोटेदार ने बताया कि गोदाम से ही कम राशन मिलता है जिस पर जिलाधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक से जानकारी ली पूर्ति निरीक्षक द्वारा बताया गया कि निर्धारित यूनिट के अनुसार गोदाम से राशन दिया जाता है जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए कोटेदार को सख्त निर्देश दिए की आगे से राशन वितरण में घटतौली नहीं करेंगे और किसी भी राशन कार्ड धारक को बगैर राशन दिए वापस नहीं करेंगे इसके साथ ही उन्होंने पूर्ति निरीक्षक को अपने समक्ष राशन वितरण कराने के निर्देश दिए तथा कहा कि इनके अतिरिक्त अन्य कोई भी पात्र व्यक्ति हो तो उसका भी राशन कार्ड बनाया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान मनोज कुमार से पंचायत भवन बने होने की जानकारी ली तथा उसमें पंचायत सचिव, लेखपाल, पंचायत सहायक के बैठने की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने लेखपाल को निर्धारित तिथियों में पंचायत भवन में बैठकर ग्राम वासियों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए तथा तहसीलदार अमेठी को लेखपालों के आवंटित ग्राम पंचायतों में पंचायतवार रोस्टर जारी करने को कहा। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली जिस पर ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि गांव में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय बना है जिलाधिकारी ने होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर अनुपमा को निर्धारित तिथियों में अस्पताल में बैठने को कहा। इसके उपरांत उन्होंने ग्राम वासियों से पेंशन योजना का लाभ मिलने की जानकारी ली, पंचायत सचिव ने बताया कि ग्राम पंचायत में 98 वृद्धावस्था पेंशन, 26 निराश्रित पेंशन एवं 19 दिव्यांग पेंशन के लाभार्थी हैं जिनको पेंशन दी जाती है जिलाधिकारी ने पेंशन के लंबित आवेदनों का परीक्षण करते हुए उन्हें निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने ग्राम वासियों से गांव में शौचायलयों के निर्माण एवं गांव में साफ सफाई के बारे में जानकारी ली ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि गांव में सफाई कर्मचारी की तैनाती नहीं है। वही चौपाल में कुछ ग्राम ग्रामीणों द्वारा आवास ना मिलने की शिकायत की गई जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में नवीन आवास का सर्वे चल रहा है उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की आवास की पात्रता का सर्वे पूरी ईमानदारी से करें जो लोग पात्र हैं उनका ही नाम आवास सूची में सम्मिलित किया जाए। ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल ना लगाए जाने की शिकायत किया जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम से मामले की जानकारी ली, अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि ग्राम पंचायत में वर्तमान में जल जीवन मिशन का कार्य प्रगति पर है संबंधित कार्यदायी संस्था द्वारा पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है तदोपरांत नल लगाया जाएगा।

चौपाल में कुछ ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत में फर्जी पट्टे की शिकायत की गई जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार अमेठी व संबंधित लेखपाल को जांच कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्राम वासियों द्वारा गांव की छोटी-मोटी समस्याओं से भी जिलाधिकारी को अवगत कराया गया जिसके निस्तारण हेतु डीएम ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। चौपाल में डीएम ने कहा कि सभी लोग मिलकर गांव के विकास के हित में कार्य करें। चौपाल के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम एके सिंह, तहसीलदार अमेठी नरेंद्र यादव, ब्लॉक प्रमुख मंजू मौर्या, खंड विकास अधिकारी अमेठी, ग्राम प्रधान मनोज कुमार, लेखपाल आकांक्षा शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

# शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का शानदार आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया



**टाण्डा।** ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय चक कचनाल में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष और ब्लॉक के एआरपी सहित विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सदस्य एवं पंचायत प्रतिनिधि तथा अभिभावकों ने भाग लिया।इस दौरान राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यालय के तीन छात्रों को पुरस्कृत किया गया।छात्र-छात्राओं ने विभिन्न आकर्षक कार्यक्रम एवं गतिविधियों को प्रस्तुत कर उपस्थितजनों का मनमोह लिया।

शुक्रवार को विभागीय निदेर्शानुसार ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा के उच्च प्राथमिक विद्यालय चक कचनाल में शारदा संगोष्ठी और वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।स्कूली बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस दौरान राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन कुमार, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक संयोजक सुरेन्द्रपाल सिंह,एआरपी सुभाषचंद्र, सुनील कुमार, मोहम्मद तकी, छत्रपाल सिंह सहित एसएमसी अध्यक्ष एवं सदस्य,पंचायत प्रतिनिधि तथा अभिभावक मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय के प्रधानाध्यापक छोटे सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## अ.रा.महिला दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**सहारनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के दस वर्ष पूर्ण होने पर आज नगर निगम द्वारा निगम में सेवारत करीब दो दर्जन महिला कर्मचारियों को निगम अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया और उनसे कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी व समर्पण भाव के साथ कार्य करने की अपील की गयी।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम परिसर में आयोजित एक सादे समारोह में निगम के विभिन्न विभागों में सेवारत महिला कर्मचारियों को माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी द्वारा तथा सम्मानित किया गया। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने महिला कर्मचारियों की सेवाओं का उल्लेख करते हुए अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि आठ मार्च को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के दस वर्ष पूर्ण हो रहे हैं।

# महापौर ने सिविल अस्पताल में जन औषधि केंद्र का किया उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** जन औषधि केंद्र के सातवें स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को लखनऊ जनपद में जन औषधि दिवस मनाया गया। इस अवसर पर हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महापौर सुषमा खर्कवाल ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद अमर पाल, पूर्व विधान परिषद सदस्य अरविन्द त्रिपाठी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.पी. सिंह, डॉ. विनय मिश्रा, डॉ. ज्योति कामले, और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि चिकित्सक धरती पर भगवान के समान होते हैं, और उनके मीठे बोल व मित्रवत व्यवहार से मरीज की आधी बीमारी ठीक हो जाती है, जबकि बाकी आधी दवाओं से। उजन औषधि केंद्रों में उपलब्ध दवाओं की कीमत अन्य ब्रांडेड दवाओं से 50 से 80 प्रतिशत कम है। महापौर ने लोगों से आग्रह किया कि जन औषधि केंद्रों का अधिक से अधिक प्रचार करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें। राज्यसभा सांसद अमर पाल ने कहा कि यह जन औषधि केंद्र प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना का हिस्सा है, जो सात साल पहले सभी के लिए स्वास्थ्य देखभाल मुहिम के तहत शुरू की गई थी।

# गरीब हितों को लेकर पीएम ने जन औषधि केन्द्रों को खोलकर साहसिक और ऐतिहासिक कदम उठाया : सांसद पाल

वेलकम इण्डिया



सिद्धार्थनगर। भारतीय जन औषधि दिवस के अवसर पर जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर में जन औषधि केन्द्र (निकट इमरजेंसी गेट) पर सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया द्वारा शुक्रवार को उद्घाटन किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया द्वारा सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने कहा कि जन औषधि की जो दवायें है, इसे प्रमाणित किया है। इसमें कोई शक सुबहा नहीं है। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 13 जन औषधि केन्द्र सभी सीएचसी पर खुलेंगे। जिसका लाभ गरीब जनों को सीधा मिलेगा। उन्होंने कहा कि 7वां जन औषधि दिवस भारत सरकार रसायन एवं ऊर्वरक मंत्रालय औषधि विभाग द्वारा आयोजित जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर सिद्धार्थनगर में विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। भारत देश दवाइयों का हब बन गया है। इसका यही कारण है कि आज सम्पूर्ण भारत में और सीएचसी और अन्य केन्द्रों पर कम दाम और सस्ती उत्म दवाईयां उपलब्ध है। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने कहा कि आज इसी पहल को जन जन तक पहुंचाने के लिए यह पहल की एक अहम कड़ी के रूप में आयोजित है। जो दवायें एलोपैथ में 100 रुपए में मिलता है, वहीं दवा जन औषधि के केन्द्रों पर मात्र 30 रुपए में गरीब जनों और मरीजों को लाभ मिलता है। यही इसका उद्देश्य है। इस अवसर पर सीएमएस डा0 ए0के0 झा, जिला मलेरिया अधिकारी सुनील चौधरी, संचारी रोग के नोडल अफसर समीर सिंह, डीसीपीएम मान बहादुर, राजेश कुमार मिश्रा डैम, सहित स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ नर्स, सीएचओ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शत प्रतिशत टैक्स वसूली के लिए निगम में टैक्स विभाग की छुट्टिया निरस्त

सहारनपुर। नगर निगम ने राजस्व विभाग के सभी राजस्व निरीक्षकों, लिपिकों, कर संग्रह कताओं, व अन्य स्टाफ की मार्च माह की समस्त छुट्टियां निरस्त कर दी है। केवल होली पर्व पर 13 व 14 मार्च का अवकाश ही मिल सकेगा। होली को छोड़कर बाकि अवकाश के दिनों में नगर निगम स्थित कैश काउंटर भी हर रोज की तरह खुला रहेगा। अपर नगरायुक्त राजेश यादव की ओर से राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों एवं राजस्व निरीक्षकों, लिपिकों, टीसी व टैक्स विभाग से सम्बद्ध कम्पयूटर ऑपरेटरों आदि को जारी किये गए पत्र के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति की ओर है तथा टैक्स की वसूली बहुत कम हुई है। अत रविवार 8 मार्च से प्रत्येक दिन उक्त कर्मचारी प्रातः साढे.आठ से नौ बजे के बीच कार्यालय पहुंचना सुनिश्चित करें।

# श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण-राम जन्म कथा व भक्त प्रह्लाद के चरित्र का प्रसंग सुनाया

वेलकम इण्डिया



शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत शोहरतगढ़ कस्बे से सटे ब्लाक रोड स्थित डा0 सुनीता जायसवाल मेमोरियल हास्पिटल परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा मे कथा वाचक पंडित राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने कृष्ण-राम जन्म कथा व भक्त प्रहलाद के चरित्र का वर्णन का प्रसंग सुनाया।

श्रीमद्भागवत कथा में यजमान किरन गुप्ता, डा0 सुशान्त कुमार जायसवाल, तेजस्व जायसवाल, लालपरी जायसवाल ने स्थानीय लोगों के साथ चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक पंडित राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण-राम जन्म कथा व भक्त प्रहलाद के चरित्र का वर्णन श्रीकृष्ण जन्म उत्सव, श्री राम जन्म, भगवान बावन अवतार के उत्सव पर प्रवचन दिया गया। उन्होंने पौराणिक दंतकथाओं में भक्त प्रहलाद की धरती बनमनखी में भक्त प्रहलाद के चरित्र का वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि लोगों को अपने जीवन में गुरु दीक्षा अवश्य लेना चाहिए। क्योंकि गुरु के बिना भगवान नहीं मिल पाता है। सनातन संसति को बचाने सत्संग जरूरी है और उन्होंने कहा कि भगवान बावन अवतार में राजा बलि ने भगवान बावन को तीन पग भूमि दान किया था। जिसमें दो पग में पूरी ब्रह्माण्ड नाप ली गई एवं तीसरे पग के लिए राजा बलि ने अपना शीश झुका कर भगवान के आगे झुक गया।

इस दौरान कथावाचक पंडित राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, आचार्य टिल्लू शर्मा, पंडित नारायण, यजमान किरन गुप्ता, डा0 सुशान्त जायसवाल, तेजस्व जायसवाल, लालपरी जायसवाल, उमा अग्रवाल, शकुन्तला, रिया, संजना, पंकज पाण्डेय, सौरभ गुप्ता, संजय, राकेश जायसवाल, सतीश जायसवाल, मन्टू जायसवाल, प्रेम चन्द गुप्ता, कपूर चन्द्र गुप्ता, श्रवण जायसवाल, रविन्द्र, अमन, राजा, सुभाष, मनोज जायसवाल, आनन्द कसौधन, रजत, मेघश्याम सहित ग्रामीण मौजूद रहें।

## पुलिस ने गुमशुदा बालक को बरामद कर परिजनों को सौंपा



शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। थाना शोहरतगढ़.पर राजेश गुप्ता निवासी ग्राम बैदोली थाना शोहरतगढ़ ने लिखित सूचना दिया कि उनका पुत्र 15 बर्षीय सचिन गुप्ता जो कक्षा ग्लोवियस कानवेन्ट पब्लिक स्कूल चोड़ार मे कक्षा 03 का छात्र था, जो पढ़ने की बात को लेकर अपने परिजनो से नाराज होकर 06.मार्च.2025 को अपने घर से बिना किसी से बताये कहीं चला गया। सचिन के गायब होने के शिकायत पर थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ बिन्देश्वरी मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए काफी खोजबीन और तलाश किया गया। पुलिस के अथक प्रयास से राजेश कुमार के पुत्र सचिन गुप्ता को शुक्रवार को 24 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

## नेपाली शराब के साथ आबकारी पुलिस के हत्थे चढ़ा युवक



बढ़नी/सिद्धार्थनगर। जिले के थाना क्षेत्र ढेबरूआ में आबकारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में आबकारी पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आबकारी निरीक्षक शोहरतगढ़ अमरेन्द्र कुमार सिंह अपनी टीम के साथ गस्त पर थे कि उन्हें ढेबरुआ चौराहे पर मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति ढेबरुआ थाना क्षेत्र के ग्राम बरगदवा बुजुर्ग में नेपाली शराब बेच रहा है। यदि पुलिस का संज्ञान ले तो वह व्यक्ति पकड़ा जा सकता है। इस सूचना का संज्ञान लेते हुए आबकारी निरीक्षक एवं उनकी टीम बरगदवा बुजुर्ग गांव से मुखबिर की सूचना पर 59 बर्षीय वीरेन्द्र पाण्डेय पुत्र स्व0 कला प्रसाद पाण्डेय को 60 शीशी नेपाली ब्राण्ड की मदिरा के साथ गिरफ्तार किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए आबकारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर ढेबरुआ थाना क्षेत्र के ग्राम बरगदवा बुजुर्ग से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है, जिसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की कार्रवाई की जा रही है।

## नरसेना क्षेत्र में दिखाई दिया तेंदुए, ग्रामीण परेशान

नरसेना। नरसेना थाना क्षेत्र के गांव भड़कऊ में ग्रामीणों ने तेंदुआ देखने का दावा किया है। इसके बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। खेत में चहल कदमी करते जंगली जानवर का वीडियो वायरल हो रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि वीडियो में दिख रहा जानवर तेंदुआ है। गांव भड़कऊ निवासी राजकुमार ने बताया कि वह खेत पर कार्य करने गए थे। इस दौरान उन्होंने तेंदुआ जैसा जानवर दिखा पूर्व में भी थाना नरसेना क्षेत्र के गांव भड़काऊ बरवाला फरीदा घुंघरावाली पाली नित्यानंदपुर नंगली में पशुओं पर किया था हमला इस संबंध में वन दरोगा प्रमोद कुमार का कहना है की वीडियो में दिख रहा जानवर तेंदुआ नहीं लग रहा है मौके पर जाकर जांच की जाएगी।

## भारतीय स्टेट बैंक शाखा गोवर्धन के द्वारा ग्राम गॉठौली में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

गोवर्धन। भारतीय स्टेट बैंक ने गाँठोली में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसमें भारतीय स्टेट बैंक गोवर्धन शाखा प्रबंधक संतोष कुमार बिंद उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री रविकांत कौशिक रहे। शक्ति सामर्थ योजना के जांच के दौरान जिन-जिन महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया गया उनको मुफ्त में जांच व दवाइयां व सेनेटरी पैड वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में नरेंद्र मुखिया, हेमंत शर्मा, बैंक सखी दयालक्ष्मी, मोना, गीता एवं गोवर्धन चिकित्सालय की महिला चिकित्सक उपस्थित रही।

# स्पर्श समशेरिया का आईआईटी में चयन

वेलकम इंडिया



नूरपुर। नूरपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव मंगोलपुरा निवासी स्पर्श समशेरिया पुत्र ले० कर्नल सुधीर यादव ने आईआईटी (डिजाइनिंग) परीक्षा में जनरल कैटेगरी में देश भर मे 68वीं रैंक व ओबीसी कैटेगरी में 13वीं रैंक प्राप्त कर देश के सर्वश्रेष्ठ तकनिकी संस्थान आईआईटी से शिक्षा ग्रहण करने का अपना सपना साकार किया है। स्पर्श समशेरिया ने बताया कि उन्होने प्रारंभिक शिक्षा से लेकर इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई आर्मी स्कूल दिल्ली से की है।

इस उपलब्धि से स्पर्श समशेरिया ने अपने माता-पिता, गांव और जिले का भी नाम देश भर मे रोशन किया है।

स्पर्श समशेरिया के दादा वीर सिंह यादव भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं एवं पिता सुधीर कुमार यादव भी वर्तमान मे भारतीय सेना मे लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर कार्यरत हो देश के लिए अपनी सेवाएं दे रहें हैं। माता राधा समशेरिया ग्रहणी हैं एवं घर की सैन्य पृष्टभूमि होने की वजह से स्पर्श की शिक्षा मे अहम योगदान रखती हैं। चाचा राहुल यादव नूरपुर में पिज्जा सिटी के मलिक हैं। इस उपलब्धि पर स्पर्श समशेरिया को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। स्पर्श समशेरिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन एवं कडी मेहनत को दिया है।

# ध्रुव चरित्र व शिव - पार्वती विवाह का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

वेलकम इण्डिया



बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर। कस्बे के पंडित दीनदयाल नगर उत्तर यादव डीह पर आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन वृहस्पतिवार रात को कथा व्यास पंडित सुरेश मणि त्रिपाठी ने ध्रुव चरित्र व शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि मनुष्य जीवन बार-बार नहीं मिलता है इसलिए इस कलयुग में दया धर्म, भगवान के स्मरण से ही सारी योनियों को भवपार करता है। मनुष्य जीवन का महत्व समझाते हुए कहा कि भगवान की भक्ति में अधिक से अधिक समय देना चाहिए। कथा श्रवण करने से जन्म जन्मांतर का पाप कट जाता है। जीवन मे विश्वास के साथ किये गए कार्य मे सफलता निश्चित तौर पर मिलती है। शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि यह विवाह एक पवित्र संस्कार है लेकिन आधुनिक समय में प्राणी संस्कारों से दूर भाग रहा है। आत्मा के बिना शरीर निरर्थक होता है ऐसे ही संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं होता। भक्ति में दिखावा नहीं होना चाहिए। जब सती के विरह में भगवान शंकर की दशा दयनीय हो गई तो सती ने भी संकल्प के अनुसार राजा हिमांचल के घर पर्वतराज की पुत्री होने पर पार्वती के रुप में जन्म लिया। पार्वती जब बड़ी हुई तो हिमांचल को उनकी शादी की चिंता सताने लगी। एक दिन देवर्षि नारद हिमांचल के महल पहुंचे और पार्वती को देखकर उन्हें भगवान शिव के योग्य बताया। कठिन तपस्या के बाद भगवान शिव का विवाह पार्वती के साथ हुआ।

## कैंट सीईओ जाकिर हुसैन के अथक प्रयासों से बूचरी पट्टी महकी



बूचरी रोड रंग-बिरंगे फूलों से महका...

मेरठ। वर्षों से गंदगी का अम्बार से लबालब दिखाई दिखाई देती थी बूचरी रोड की खाली पट्टी, दुर्गंध से रहागीर व आसपास के लोगों का जीवन नारकीय बन चुका था आज वही स्थान फूलों की सुगंध से महक रहा है रहागीर भी यहां रूक कर

इस पार्क का आनंद लेते है तथा सल्फी लेते दिखाई देते हैं आस-पास के लोग कैंट बोर्ड सीईओ जाकिर हुसैन व मनोनीत सदस्य डॉ सतीश शर्मा की सराहना करते नहीं थकते हैं उन्होंने बताया कुछ महा पुर्व कैंट बोर्ड सीईओ कैंट की साफ-सफाई निरीक्षण करने इस क्षेत्र में पहुंचे थे। वार्ड नंबर तीन लालकुर्ती स्थित बूचरी रोड पर इस पट्टी पर नजर पड़ी काफी गंदगी देख सफाई के निर्देश दिए वहीं मनोनीत सदस्य ने इसे पार्क स्थल बनाने सुझाव दिया था इस पार्क में एक संस्था का बड़ा सहयोग बताया जा रहा है

लगभग सात सौ पौधे रोपित किए गए। जिसका उद्घाटन कैंट बोर्ड सीईओ जाकिर हुसैन से कराया गया। इस अवसर पर समाजिक संस्था के विरिष्ठ पदाधिकारियों ने पौधे रोपित किए। कैंट बोर्ड सीईओ की देखरेख में विभाग कर्मचारियों द्वारा इन पौधों में समय पर खाद पानी डाल रहे है तभी तो आज बूचरी रोड अगल अलग प्रजाति के फूलों से सुगन्धित हो रहा है तथा लोग कैंट बोर्ड सीईओ की जमकर तारीफ कर रहे। तथा इसमें मनोनीत सदस्य डॉ सतीश शर्मा का भी बड़ा सहयोग बताया जा रहा है।

## दहेजमुक्त और नशा मुक्त भारत बनाने की छात्रों ने की प्रतिज्ञा



वेलकम इंडिया

मेरठ। दिल्ली रोड स्थित काइट संस्थान में विश्वविद्यालय द्वारा नशा मुक्ति तथा दहेज मुक्त भारत पर छात्र छात्राओं को निर्देश हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सचिव नीरज सिंह और उपसचिव नैना सिंह , मुख्य निदेशक डॉ० आकाश चबाक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पढ़े विश्वविद्यालय बढ़े विश्वविद्यालय के अन्तर्गत नशा मुक्त रहे भारत, दहेज मुक्त रहे भारत रहा।

लगभग 370 छात्र छात्राओं ने शुक्रवार को प्रतिज्ञा ली कि वह भविष्य में न दहेज लेंगे न देंगे और न ही नशा करेंगे। छात्र छात्राओं ने नशा मुक्त तथा दहेज मुक्त भारत पर स्लोगन बनाये। संस्था के निदेशक डॉ० आकाश चबाक तथा संस्था के डीन डॉ० संजय कौशिक ने छात्र छात्राओं को नशा मुक्त तथा दहेज मुक्त भारत बनाने पर बच्चों को प्रतिज्ञा दिलाई कि वह यह काम कभी नहीं करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ० विनीत कुमार मलिक, राजेन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार, राफिया, प्रियंका सिंह, मोनिका गुप्ता, पारूल, मोनिका, काजल, गौरव भोला आदि शिक्षक का योगदान रहा।

# अराजक तत्वों द्वारा मेरठ का माहौल बिगड़ने की कोशिश

वेलकम इंडिया



मेरठ। शुक्रवार दोपहर कुछ अराजक तत्व द्वारा मेरठ का माहौल बिगड़ने की कोशिश की गई लेकिन मेरठ प्रशासन की मुस्तादी से माहौल बिगड़ने की यह कोशिश नाकाम हो गई सूचना मिलने पर आला अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे दिल्ली रोड स्थित फुटबॉल चौक के पास दीपक द्वारा अपनी वर्कशॉप का उद्घाटन किया जा रहा था तभी विशेष संप्रदाय के लोगों द्वारा उनकी दुकान पर पथराव किया गया जिसकी सूचना पुलिस प्रशासन के साथ भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन ऋतुराज तथा लक्ष्मीकांत वाजपेई को दी गई शहर विधानसभा प्रत्याशी कमल दत्त शर्मा और व्यापार संघ अध्यक्ष अजय गुप्ता तक भी सूचना पहुंची जैसे ही सूचना प्राप्त हुई यह सभी लोग सैकड़ो कार्यकताओं के साथ मौके पर पहुंच गए और पुलिस प्रशासन से आए अधिकारियों से वार्ता करते हुए कहा कि इस घटना को जी जिन लोगों ने भी अंजाम दिया है उसकी जांच कर आरोपियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए जिसके लिए पुलिस प्रशासन ने जल्द ही आरोपी की तलाश कर गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।

# आरआर पब्लिक स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

वेलकम इंडिया



नूरपुर। स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को शिव शक्ति ग्रामोद्योग विकास संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शिव शक्ति ग्रामोद्योग विकास संस्थान के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन डॉ मनुजेंद्र गुप्ता, प्रबंधिका दीपा गुप्ता, डायरेक्टर प्राची गुप्ता, शिव शक्ति ग्राम उद्योग विकास संस्थान के सचिव गौरव चौहान, प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक नूरपुर की शाखा प्रबंधक भारती भटनागर, पंजाब नेशनल बैंक बिजनौर के अग्रणी जिला प्रबंधक जितेंद्र कुमार गुप्ता, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड वीरेश आर नायक, रिटायर्ड शाखा प्रबंधक केपी सिंह, उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के अवसर पर अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को संस्थान की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिव शक्ति ग्राम उद्योग विकास संस्थान के सचिव गौरव चौहान ने महिलाओं के हित और कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे संस्थान ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करके उनके खोए सम्मान को जगाने का काम किया है और आगे भी समय-समय पर कार्य करता रहेगा। जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड वीरेश आर नायक, पंजाब नेशनल बैंक बिजनौर के अग्रणी जिला प्रबंधक जितेंद्र कुमार गुप्ता, प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक नूरपुर की शाखा प्रबंधक भारती भटनागर ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बेहतर कार्य करके समाज को मजबूत करने का सराहनीय काम कर रही हैं और समाज की तरक्की व प्रगति में अपना भरपूर योगदान दे रही है। हमें समाज की दूसरी महिलाओं को भी जागरूक करना है और समाज में नारी शक्ति के वजूद को स्थापित करना है। संस्थान से जुड़कर महिलाएं अपने सपनों को साकार कर रही है। स्कूल के चेयरमैन डॉ मनुजेंद्र गुप्ता ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नारी का सम्मान सर्वोपरि है। वह महिला के उत्थान व विकास के लिए वचनबद्ध है। इसके लिए वह यथासंभव मदद करते रहेंगे।

स्कूल के ऊप्रधानाचार्य टीकम सिंह ने कहा कि आज मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि शिव शक्ति ग्राम उद्योग विकास संस्थान ने महिलाओं के सम्मान व विकास के लिए जो भी काम किये हैं उनकी भरपूर सराहना की जानी चाहिए। उनकी नजर में शिव शक्ति है और शक्ति ही शिव है क्योंकि हर युग में नारियों ने बड़े-बड़े व्यक्तियों को युद्ध में परास्त कर अपने अंदर छिपी शक्ति का परिचय दिया है। वह सदैव नारी का सम्मान करते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन स्वाति यादव ने किया। इस मौके पर रूबी राणा, स्वाति अग्रवाल, डॉ रितु, रेखा मित्तल, रंजन कर्णवाल, शालू कर्णवाल, नव उद्यमी मनीषा राजपूत, रीता त्यागी, रश्मि बंसल, पूजा रानी, रीना रानी, शिल्पी अग्रवाल, भूमिका चौहान, रीतू रानी, अलका चौहान, शिखा चौधरी, रंजन चौहान, बबीता पाल, प्रीति चौहान, शगुन चौहान, कुसुम लता, प्राची चौहान, दिव्या कौशिक, शैलेंद्र कौर, भारती त्यागी मीनू वर्मा, आदि उपस्थित रहे।

## यूपी व दिल्ली पुलिस के नशेडी सिपाहियों ने की थी गुंडागर्दी

बुलंदशहर। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो की जांच पड़ताल की तो हमलावरों में एक दिल्ली पुलिस का सिपाही और दूसरा यूपी० पुलिस के सिपाही निकले दोनो सिपाही गुलावठी थाना क्षेत्र के मूल निवासी है। सिकंदराबाद क्षेत्र में विगत15 दिन पूर्व एनएच०91 के किनारे श्री जी ढाबे पर कार सवार 4 दबंगों ने कार टकराने को लेकर हुए विवाद के बाद ढाबे पर पहुंचकर ढाबे संचालक यशपाल उर्फ कालू को लाठी डंडों और ईंटों से प्रहार कर लिटा लिटाकर इतना पीटा था कि उसे अधमरा कर डाला। हमलावरों की खुले आम गुंडई का वीडियो वायरल हुआ था। सिकंदराबाद की सीओ० पूर्णिमा सिंह ने बताया कि मामले को लेकर पुलिस ने एफआईआर०दर्ज की और सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो की पड़ताल की तो हमलावरों में एक दिल्ली पुलिस का सिपाही और दूसरा यूपी०पुलिस का सिपाही निकला दोनो सिपाही गुलावठी थाना क्षेत्र के मूल निवासी है।

# मेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक हुई संपन्न

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार**



मेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण सभा शुक्रवार प्रातः हीरा स्वीट्स, बॉउंड्री रोड पर आयोजित की गई। इस सभा की अध्यक्षता प्रदीप कुमार अग्रवाल एवं संचालन महामंत्री विजयआनंद अग्रवाल द्वारा किया गया।

इस सभा में मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा वेदव्यासपुरी में प्रस्तावित ज्वैलरी पार्क/ फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की। अभी गत सोमवार को राइट्स कंपनी द्वारा जो डीपीआर टएऊअ सभागार में संगठन के पदाधिकारीगण के समक्ष पेश की गई थी उसके ऊपर भी कार्यकारिणी में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई तथा उपस्थित सभी ज्वेलर्स ने एक स्वर से यह मांग रखी की प्रस्तावित भूमि को औद्योगिक दरों पर ही ज्वैलरी पार्क के लिए उपलब्ध कराया जाए ताकि यह अन्य प्रदेशों के ज्वेलरी पार्क के अनुरूप ही रियायती दरों पर स्वर्ण आभूषण निमार्ताओ को उपलब्ध हो सके। ज्वैलर्स ने अध्यक्ष व महामंत्री से यह भी कहा कि वह आगामी 9 मार्च को मेरठ आगमन पर माननीय मुख्यमंत्री से मिलने का समय लेंने का प्रयास करें तथा ज्वैलरी पार्क से संबंधित समस्त बातों को उनके सम्मुख रखे। गत वर्ष संस्था द्वारा होली के पर्व के अवसर पर जो पारिवारिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था उसकी सभी ने बहुत प्रशंसा की थी। सभा में तय किया गया कि इस वर्ष भी होली के अवसर पर पारिवारिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का संयोजक अक्षत जैन एवं विपुल अग्रवाल को बनाया गया।

आज की सभा में संरक्षक रवि प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष प्रदीप कुमार अग्रवाल, महामंत्री विजयआनंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष राकेश प्रकाश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, पंच अशोक कुमार रस्तोगी, विजय गोयल,कोषाध्यक्ष मनोज गर्ग, मंत्री कोमल वर्मा, विपिन अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्यों में , दीपक रस्तोगी, अमित अग्रवाल, अंकित जैन, अनुज गर्ग, आलोक प्रकाश मांगलिक, निखिल जैन, प्रिशेन रस्तौगी, राकेश अग्रवाल, राहुल जैन, अंकित सिंहल, आलोक कुमार गुप्ता, अनुज जैन, सौरभ गर्ग, अनुराग अग्रवाल, मुकुल जैन, अक्षत जैन, ऋषभ माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन हाथरस में प्रातः शुक्रवार परेड का निरीक्षण कर सलामी ली गई। तत्पश्चात परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक हाथरस के आगमन पर परेड द्वारा उनको सलामी दी गई । तत्पश्चात एसपी द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परेड में उपस्थित पुलिसकर्मियों की वर्दी को देखा गया तथा साफ-स्वच्छ वर्दी धारण करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया, तत्पश्चात परेड करायी गयी । परेड में उपस्थित निलम्बित कर्मचिरायों से वार्ता की गई । पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में उपस्थित डायल 112 के दो पहिया व चार पहिया वाहनों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान वाहनों की साफ-सफाई, घटनास्थल किट, हूटर आदि को चेक किया गया तथा गाडियों के रखरखाव के सम्बन्ध में प्रभारी डायल-112 को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में महोदय द्वारा परेड में उपस्थित डॉग स्क्वायड, ड्रोन कैमरा आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा क्वार्टर गार्द का निरीक्षण किया गया । क्वार्टर गार्द निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम क्वार्टर गार्द पर तैनात गार्द द्वारा सलामी दी गई । एसपी द्वारा क्वार्टर गार्द की उचित साफ-सफाई रखने हेतु स्टोर मोहर्रिर, प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया ।

## हाफिजपुर पुलिस ने दो बाल अपचारी सहित अंतराज्यीय वाहन चोर गिरोह के पांच सदस्यों को चोरी की मोटरसाइकिल सहित किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़**/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के दिशा निर्देशन में जिले में आपराधिक घटनाओं पर विराम लगाने को लेकर चलाए जा रहे। सघन चेकिंग वाहन अभियान के दौरान

हाफिजपुर पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह के 03 सदस्यों 02 बाल अपचारियों सहित पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिनकी निशानदेही पर एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न जनपदों से चोरी की गई। 05 मोटर साइकिल बरामद की गई है इस मामले को लेकर क्या कहिन एडिशनल एसपी विनीत भटनागर एडिशनल एसपी विनीत भटनागर का कहना है कि अभियुक्तगण एनसीआर क्षेत्र व अन्य जनपदों से वाहनों को चोरी कर उनकी नम्बर प्लेट बदलकर उन्हें बेचकर आर्थिक लाभ कमाते हैं। सभी शातिर किस्म के वाहन चोर हैं,जिनके आपराधिक इतिहास के बारे में अन्य जनपदों/राज्यों से जानकारी की जा रही हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पुलिस पूछताछ में अपने नामअंकित पुत्र देवेन्द्र सिंह, पदम पुत्र दुर्गा प्रसाद,सचिन पुत्र पप्पू सिंह निवासी ग्राम खेडा थाना पिलखुवा हापुड़ बताए हैं। सभी अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## शिक्षा से कोई बच्चा ना रहे वंचित : वरुण अग्रवाल (समाजसेवी)



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** समाज सेवा की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए हरित जीवन न्यास ने आज हापुड़ के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में पहली से पांचवीं कक्षा तक के 500 छात्रों/ छात्राओं को पेंसिल किट वितरित की। संस्था के अध्यक्ष वरुण अग्रवाल के जन्मदिन के उपलक्ष में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर वरुण अग्रवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करना है जिसके लिए न्यास समय-समय पर बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री आदि की व्यवस्था करता रहेगा इस अवसर पर संस्था के संस्थापक डॉ मुकेश सैनी ने महिला सशक्तिकरण के बारे में छात्राओं को बताते हुए कहा कि उन्हें अपने जीवन में अधिकार के साथ-साथ कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए तथा आज ही अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए व अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए इस वितरण कार्यक्रम के तहत हामिद प्राथमिक विद्यालय, डॉ. अंबेडकर प्राथमिक विद्यालय, भीमनगर प्राथमिक विद्यालय, मंसूरपुर प्राथमिक विद्यालय, पीएम श्री इंदिरा कन्या कॉम्पोजिट विद्यालय, गणेश प्राथमिक विद्यालय, अशोक प्राथमिक विद्यालय, सुभाष प्राथमिक विद्यालय तथा किदवई प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को शैक्षिक सामग्री प्रदान की गई इससे पहले भी न्यास ने बच्चों को शीतकालीन टोपी और ठरर छात्राओं को ज्योमेट्री किट वितरित की थी। भविष्य में भी न्यास द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे ले जाने के लिए न्यास हमेशा प्रयासरत रहेगा।

# आईरिश गार्डन के लोगो का अंशल ग्रुप के खिलाफ नारेबाजी कर किया हंगामा

**वेलकम इंडिया**



**उज्ज्वल रस्तोगी, मेरठ।** परतापुर बाईपास स्थित अंसल ग्रुप की आयरिश गार्डन कॉलोनी के लोगों ने मूलभूत सुविधाएं न मिलने पर अंसल ग्रुप के खिलाफ जमकर हंगामा किया। लोगों ने आरोप लगाया कि पूरा पैसा देने के बावजूद भी कॉलोनी के दर्जनों परिवार मूलभूत सुविधाओं से वंचित है ग्रुप के जीएम से शिकायत करने के बाद भी कोई समाधान न निकलने से कॉलोनी वासियो में रोष व्याप्त है।

रिटायर जिला जज एके अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने 2012 में आईरिस गार्डन की डी विंग में 3 बीएचके फलेट लिया था। जिसका साठ प्रतिशत पैसा जमा करा दिया गया। कई वर्ष बीत जाने के बाद जब फलेट नही मिला तो रेरा में शिकायत की जिसके बाद प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद फलेट जल्द देने की बात हुई 13 वर्ष बीत जाने के बाद भी फलेट का काम पूरा नही है अपार्टमेंट में लिफट भी नही है। ए विंग निवासी अनिता चौधरी ने बताया कि फलेट लेते समय अंसल ग्रुप के द्वारा सभी प्रकार की सुविधाएं देने की बात कही गई थी। लेकिन कालोनी में तमाम तरह की कमियां है। सीडियों पर रेलिंग नही है पार्किंग की व्यवस्था नही है सफाई कर्मचारी आते थे उन्हें भी हटा दिया गया। पावर बैकअप नही है नौ मंजिला अपार्टमेंट है लिफट न होने के कारण सीडियों से जाना पडता है। अपार्टमेंट में ज्यादातर 40 वर्ष से अधिक आयु के लोग रहते है जिन्हें परेशानी का सामना करना पड रहा है। सीडियों पर लाइट नही है मोबाइल की टार्च जलाकर उपर जाना पडता है। कूडा उठाने के लिए भी कोई कर्मचारी नही आता। राजेंद्र खोकर ने कहा कि अंसल ग्रुप ने पूरी तरह तैयार कर फलेट देने का वादा किया था विशेष प्रकार की सुविधाए देने की बात कही थी कालोनी में पांच विंग है एक भी विंग का काम पूरा नही है नौ मंजिला अपार्ट मेंट है लिफट भी नही है बुजुर्गों को भी सीडियों से जाना पडता है बताया कि कुछ दिन पहले एक बालक लिफट से नीचे आ रहा था बिजली जाने के कारण वह एक घंटे तक लिफट में फसां रहा अगर कोई हादसा हो जाता तो कौन जिम्मेदार होता। कहा कि कई बार अंसल ग्रुप के जीएम अमित शुक्ला से शिकायत कर चुके है लेकिन समस्याओं का समाधान नही हुआ।

# अंकित वर्मा धौलाना एसडीएम की संभालेंगे कमान




**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़ उत्तर प्रदेश में शासन के द्वारा चलाई जा रही तबादला एक्सप्रेस में हापुड़ की तहसील धौलाना में तैनात एसडीएम लवी त्रिपाठी को मेरठ नगर निगम अपर नगर आयुक्त के पद की कमान सौंपने के उपरांत हापुड़ एसडीएम अंकित वर्मा को धौलाना एसडीएम पद की कमान सौंपी गई है।आपको बता दें कि गढ़मुक्तेश्वर तहसील में अपनी तैनाती के दौरान अपने मृदुल व्यवहार और ड्यूटी के प्रति निष्ठा पूर्वक कार्य करने के लिए जाने जाने वाले एसडीएम अंकित वर्मा का तबादला शासन के आदेशानुसार कुछ दिनों पूर्व गढ़मुक्तेश्वर तहसील से हापुड़ एसडीम पद पर तैनाती हुई। जिसके चलते फिर से शासन आदेशानुसार एसडीम अंकित वर्मा को हापुड़ एसडीएम पद से पद मुक्त करने के साथ धौलाना एसडीएम पद की कमान सौंपी गई है।

# अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जन औषधि कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** सीबीगंज क्षेत्र के अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महत्वकांशी कार्यक्रम जन औषधि दिवस का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विश्राम सिंह एवं नोडल अधिकारी डॉक्टर अजमेर सिंह के दिशानिर्देशन में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता की मौजूदगी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता द्वारा बताया गया कि जन औषधि दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य मरीजों तथा आम जनमानस को गुणवत्तापरक तथा बेहतर दवाओं की निशुल्क उपलब्धता करना है एवं हमारे देश में निम्न वर्ग के व्यक्ति समाज जो महंगी दवाओं को नहीं ले पाते है और उन्हें इलाज करना बेहद जरूरी है ऐसे समाज की जरूरत पूरी करने एवं उच्च गुणवत्तापरक दवाएं तथा स्वयं उपलब्ध करने हेतु जन औषधि भंडार को स्थापित किया गया ताकि कोई भी वर्ग दवाओं की कमी का सामना न करे एवं अपनों को हमेशा हंसता मुस्कुराता देख सके इन्हीं कामनाओं के साथ जन औषधि दिवस का आयोजन किया गया ताकि आम जनमानस दवाओं की किल्लत न महसूस करे एवं अपने आप को शुक्रिया करे कि हम दवाओं के अभाव से अपने मरीज को मुसीबत में डाले इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र पर आए आम जनमानस एवं मरीजों को जन औषधि दिवस का बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई इस अवसर पर हिरदेश कुमार मनमोहन सिंह एवं सरिता आदि का विशेष सहयोग रहा।

# जब निलंबन का डर सताने लगा तब जागा नगर निगम का हाउस टैक्स विभाग

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** हाउस टैक्स को लेकर शासन स्तर से हुई फजीहत और निलंबन की कार्रवाई के डर से बृहस्पतिवार को टैक्स विभाग की टीम ने कुतुबखाना चौक पर चार दुकानों पर सीलिंग की कार्रवाई कर दी। जिसके बाद दुकानदारों ने विरोध करते हुए हंगामा किया। प्रवर्तन दल ने हंगामा कर रहे दुकानदारों को शांत कराया। वहीं देर शाम तक चारों दुकानदारों से करीब 3.35 लाख रुपये बकाया जमा कराया गया। आपको बता दें कि बुधवार को प्रमुख सचिव ने नगर निगम को हाउस टैक्स की कम वसूली पर फटकार लगाते हुए कहा था कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारी पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। शासन के सख्त रुख को देखते हुए गुरुवार सुबह करीब 11 बजे राजस्व निरीक्षक नीरज कुमार की अगुवाई में टीम कुतुबखाना चौक पर पहुंची और चार दुकानों को सील करने लगी। इन चारों दुकानों पर करीब 15.61 लाख से अधिक का टैक्स बकाया था। व्यापारियों ने अचानक हुई कार्रवाई को गलत बताते हुए विरोध करना शुरू कर दिया। इस दौरान काफी संख्या में व्यापारी मौके पर पहुंच गए और टैक्स विभाग और प्रवर्तन दल के बीच नोकझोंक शुरू हो गई। जिसके बाद किसी तरह मामला को शांत किया गया। व्यापारियों ने बताया है कि होली, रमजान के समय अचानक सीलिंग की कार्रवाई करने से नुकसान होगा। अगर निगम को टैक्स वसूल करना ही था तो इतनी सख्ती बड़े बकायेदारों पर दिखानी चाहिए, जिन पर करोड़ रुपये बकाया है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्र ने कहा कि टैक्स वसूली का लक्ष्य पूरा करने के लिए अभियान चलाकर वसूली की जा रही है। बकाया न जमा करने वालों के आवासीय और कामर्शियल दोनों की सीलिंग की कार्रवाई जारी रहेगी।

# आवासीय क्रीडा छात्रावसों में प्रवेश हेतु बालिका वर्ग प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**अमेठी।** उप क्रीड़ा अधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि वर्ष 2025-26 में आवासीय क्रीडा छात्रावास में प्रवेश हेतु प्रदेश स्तरीय 15 वर्ष से कम आयु की बालिका वर्ग कबड्?डी प्रतियोगिता आज दिनांक 07 मार्च, 2025 को डॉ० भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम, अमेठी में आयोजित किया की गई। उक्त प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सुधांशू शुक्ला जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी अमेठी, विशिष्ट अतिथि विशु मिश्रा जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा अमेठी की गौरवदायनी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त एवं प्रतियोगिता के उद्घाटन की घोषणा की गयी। आज प्रथम दिन का मैच में वाराणसी बनाम अयोध्या जिसमें वाराणसी ने 28-06 से अयोध्या को हराया, मेरठ बनाम लखनऊ जिसमें लखनऊ ने 20-04 से मेरठ को हराया तथा कानपुर बनाम अयोध्या रहा जिसमें कानपुर ने 16-12 से अयोध्या को हराया। उन्होंने बताया कि आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में प्रवेश हेतु प्रदेश स्तरीय कबड्?डी खिलाड़ियों का चयन/ट्रायल्स (फिजिकल टेस्ट एवं स्किल टेस्ट तथा डॉक्टरों द्वारा मेडिकल जांच) भी कराया गया। इस अवसर पर चयन समिति सदस्य के रूप में हरफूल सिंह उपक्रीडाधिकारी कासगंज, आब्जर्वर उ०प्र० कबड्?डी संघ रामपाल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर उपक्रीडाधिकारी शमीम अहमद ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के आयोजन में निर्णायक के रूप में जयप्रकाश यादव, रोहित ठाकुर, गोपी यादव, सत्यप्रकाश राजभर, राजेन्द्र पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का फाइनल मैच दिनाक 06 मार्च, 2025 को खेला जायेगा। प्रतियोगिता में खेल विभाग अमेठी के शिवकुमार मौर्य कनिष्ठ सहायक एवं प्रशिक्षकों मो० नदीम, मो० आरिफ, कु० लबली तिवारी, मोना सिन्हा ने उपस्थित रहकर प्रतियोगिता के आयोजन में अमूल्य योगदान दिया।



# विशेष शिविर में छात्राओं ने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ दृढ़ प्रतिज्ञा ली

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज, में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों द्वारा

सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिन का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो पूनम शर्मा एवं चारों इकाईयों की कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर के प्रातःकालीन सत्र में, छात्राओं ने सामूहिक रूप से सभी प्रकार की नशे की लत और दहेज जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एक दृढ़ प्रतिज्ञा ली।इस प्रतिज्ञा का उद्देश्य प्रतिभागियों में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था इसके बाद, भारतीय लोक साहित्य पर एक ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किया गया, जिसे सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष मंजू कन्नौजिया द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें लोक साहित्य का ऐतिहासिक महत्व, सांस्कृतिक प्रभाव, और भारत की समृद्ध साहित्यिक विरासत को संरक्षित करने में इसकी भूमिका को रेखांकित किया गया। इसके बाद योगा




आत्मचिकित्सा के माध्यम से रोगों से दूर रहना पर भी एक व्याख्यान आयोजित किया गया दूसरे सत्र में, कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति से सम्मानित किया गया। इनमें अमृत सेवा ट्रस्ट, मोदीनगर की संस्थापक डॉ. अनीला सिंह आर्य, भाजपा नगर मंत्री दीपा वर्मा, पूर्व सभासद निशा जायसवाल और ट्रस्ट की समर्पित स्वयंसेविका श्रीमती स्वाति आर्य शामिल थीं। उनकी सहभागिता ने इस आयोजन को और अधिक सार्थक बना दिया। डॉ.अनीला सिंह आर्य ने महिला सशक्तिकरण पर एक प्रेरणादायक भाषण दिया ह्न विशिष्ट अतिथियों ने कॉलेज के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट अकादमिक और पाठ्येतर उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा, महाविद्यालय की शिक्षिकाएँ डॉ. सरिका गर्ग, डॉ आकांक्षा सारस्वत, ऐश्वर्या बहुगुणा, शालू देवी, राखी शर्मा को भी उनके अमूल्य योगदान और संस्थान की प्रगति में उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए सम्मानित किया गया। शिविर का सफल संचालन इकाई ए की कार्यक्रम अधिकारी डॉ आकांक्षा सारस्वत इकाई बी की कार्यक्रम अधिकारी शालू देवी इकाई सी की कार्यक्रम अधिकारी राखी शर्मा एवं इकाई डी कि कार्यक्रम अधिकारी ऐश्वर्या बहुगुणा के कुशल निर्देशन में किया गया शिविर में मधुलिका, ज्योति, स्वीटी, अवनी,सुमनलता आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# मृत्यु जीवन का सत्य है साथ ही नव जीवन प्राप्ति का मार्ग भी है: ओझा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर परतापुर की सहायतार्थ राम कथा में आज भगवान शिव के विवाह का उत्सव मनाया गया। शिव और पार्वती के प्रसंग की चर्चा करते हुए कथा व्यास अरविंद भाई ओझा ने कहा पति और पत्नी का संबंध परस्पर विश्वास का संबंध होता है जब यह विश्वास भांग होता है तो संबंध टूट जाते हैं।

मृत्यु जीवन का सत्य है साथ ही नव सर्जन का मार्ग भी प्रशस्त करती है। सती जब शिव को खोती है तो अपने शरीर को त्याग देती है और जब शिव सती को खोते हैं तो समाधि ले लेते हैं। सती ने शरीर का त्याग कर पुनः पार्वती के रूप में जन्म लिया और । माता सती ने मरते समय भगवान शिव को ही अपने पति के रूप में प्राप्ति की इच्छा की और पार्वती का जन्म लेकर अपने तप के आधार पर भगवान शिव को पुनः पति के रूप में प्राप्त किया। भगवान शिव अपने शीश पर नाग का मुकुट रखते हैं क्योंकि काल सबके सिर पर बैठा है अगर हम बचना चाहते हैं तो हमको भक्ति के मार्ग पर चलना पड़ेगा । भगवान शिव अपने शीष पर दूज का चांद रखते हैं अर्थात वह छोटे को भी पूरा सम्मान देते हैं ।राख और भस्म के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा की हर व्यक्ति को जीव को एक दिन मरकर राख ही होना है लेकिन जो जीवन में परोपकार के साथ जीवन को जीते हैं उनके मरने के बाद उनकी राख भी भस्म बन जाती है। राजा हिमाचल ने अपनी पुत्री पार्वती के पैदा होने पर जैसा उत्सव मनाया था हमें भी अपने घर में कन्या के जन्म पर भी उत्सव मनाना चाहिए। कन्या बड़े सौभाग्य से घर में आती है और हर कन्या अपने साथ अपना भाग्य लेकर आती है। कन्या का पालन पोषण हमें निष्काम कर्म योग के मार्ग को बताता है।

आज कथा में मुख्य यजमान उपेंद्र तोमर व उनकी धर्मपत्नी बीना अन्य लोगों में बृजभूषण ठेकेदार, रवीश गर्ग मोदीनगर, सुरेश तोमर जिला पंचायत सदस्य, इंद्रपाल प्रधान, ओमवीर, छोटे सिंह, धीरेंद्र सिंह, हरिओम सिखेड़ा उपस्थित रहे।

# महिला दिवस नारी शक्ति के संघर्ष, संकल्प और सफलता का उत्सव है: डा0 मंजू शिवाच

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** विधायक डा0 मंजू शिवाच ने कहा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है ।हर साल दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। ये दिन महिलाओं को समर्पित है आज आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनितिक हर क्षेत्र महिलाओं की उपलब्धियों से भरा हुआ है महिलाओं का सम्मान सिर्फ एक परंपरा या औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज की उन्नति और विकास की सबसे अहम बुनियाद है। आज जब हम महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों की बात करते हैं, तो 8 मार्च का दिन खुद-ब-खुद एक प्रतीक बन जाता है। यह सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि नारी शक्ति के संघर्ष, संकल्प और सफलता का उत्सव है। दुनिया भर में इस दिन को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है, यह दिन नारी सशक्तिकरण, समानता और अधिकारों की लंबी लड़ाई का परिणाम है।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इस अवसर पर सभी महिलाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूँ।

# गांव सरना में विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** कैमकुस कॉलेज ऑफ लॉ द्वारा ग्राम सरना मुरादनगर में विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सम्मानित अतिथियों एवं प्रमुख ग्रामवासियों के स्वागत सम्मान से शुरू हुआ ।वार्ड नं 13 की सभासद पुत्र कुलदीप त्यागी एवं भूपेन्द्र त्यागी को शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया साथ ही अन्य अतिथियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया।इस शिविर के माध्यम से समस्त सामाजिक एवं न्यायिक विषयों पर चर्चा हुई साथ ही नारी सशक्तिकरण तथा साइबर अपराध एवं महिलाओं से संबंधित बढ़ते अपराधों को कम करने हेतु समस्त ग्रामवासियों को कानूनी जानकारी प्रदान किया साथ ही साइबर अपराध पर नुक्कड नाटक भी प्रस्तुत किया। विधिक सहायता प्रणाली से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय मुदगल ने राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय में सभी को अवगत कराया कालिज के छात्र व छात्राओ को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के बारे मे पुण जानकारी दी ।आपसी समझौते से कोई भी वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से खत्म करा सकते है अतिथि के रूप में प्रमोद त्यागी, दिनेश चंद्र शर्मा, सतीश शर्मा, हर्षस्व रूप आदि उपस्थित रहेइस शिविर में लगभग 150 विधिक छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया,कैमकुस कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ अम्बुज शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं विधिक छात्र दीपक मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# वरुण जी रोटी बैंक इंचार्ज के पिताजी की याद में लगा रक्तदान शिविर



वेलकम इंडिया

**हाथरस।** के बागला जिला अस्पताल में निःस्वार्थ सेवा संस्थान द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य कार्यकारिणी सदस्य और रोटी बैंक इंचार्ज श्री वरुण अग्रवाल जी के पिता स्वर्गीय श्री विष्णु कुमार अग्रवाल जी की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। रक्तदान शिविर में स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने भाग लिया। सभी ने स्वेच्छा से रक्तदान कर इस कार्य में योगदान दिया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की देखरेख में रक्तदान प्रक्रिया पूरी की गई। इस अवसर पर निःस्वार्थ सेवा संस्थान के सदस्यों ने कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है और हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए।

संस्थान के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल जी ने बताया कि रक्तदान एक महादान है, जो किसी जरूरतमंद की जान बचाने का सबसे बेहतरीन माध्यम है। स्व. श्री विष्णु कुमार अग्रवाल जी समाज सेवा में गहरी रुचि रखते थे और जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उन्हीं की स्मृति में इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, ताकि उनकी सेवा भावना को जीवंत रखा जा सके। निःस्वार्थ सेवा संस्थान ने आगे भी इसी तरह के सामाजिक कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया।

# समाजवादी पार्टी नगर पालिका द्वारा लगाए जा रहे अनाप-शनाप टैक्स को नहीं करेगी बर्दाश्त/जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़**/समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय हापुड़ पर मासिक मीटिंग का आयोजन किया गया। आयोजित मासिक मीटिंग की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी आनंद गुर्जर के द्वारा की गई ।एव संचालन जिला उपाध्यक्ष अख्तर मालिक के द्वारा किया गया। संचालन के दौरान सभी पदाधिकारीगणो के द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए। जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका द्वारा बढ़ाया गया अनाप-शनाप आम जनता के लिए सही नहीं है। समाजवादी पार्टी इसको बर्दाश्त नहीं करेगी। जिसके चलते आम जनता की आवाज को जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन देंगे। जन पीडीए पंचायत का जो अभियान चल रहा है। यह निरंतर जारी रहेगा। और जनपद के प्रत्येक गांव प्रत्येक सेक्टर तक सुचारू रूप से चलाया जाएगा। सभी पदाधिकारीगण को इसमें अभियान में बढ़-चढ़कर कर प्रति भाग करना चाहिए। वहीं जिला संगठन का विस्तार करते हुए चार जिला सचिव नामित किए गए। जिसमें यशोदा यादव जिला सचिव, राकेश कुमार जिला सचिव, धीरज यादव जिला सचिव, मौहम्मद हम्माद जिला सचिव, चारों पदाधिकारीगण को पार्टी कार्यालय पर मनोनयन पत्र देकर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थिति रहे ।पूर्व मंत्री भूषण त्यागी राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी, इकबाल कुरैशी प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी,संजय गर्ग प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, संजय सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष जिला प्रवक्ता, आस मौहम्मद जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, यशी यादव जिला सचिव, उमर दराज भाटी, रेशमा यादव, आदेश गोस्वामी, धीरज यादव, मोहम्मद हम्माद, राकेश कुमार, फुरकान, अफसर, संजय गहलोत जिला अध्यक्ष युवजन सभा, पदम सिंह,चांद खान, रोहित जाटव, सोहेल कुरेशी, मोहम्मद मोहसिन सलमानी, अख्तर मालिक, मौहम्मद अयूब सिद्दीकी, अनिल आजाद, मनजीत चौधरी,आदि उपस्थित रहे।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया लखनऊ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण:-एस.एम. शर्मा

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** मंडल रेल प्रबंधक, एस.एम. शर्मा ने मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ लखनऊ रेलवे स्टेशन (उत्तर रेलवे) का निरीक्षण किया। इस दौरान आगामी त्योहारों के अवसर पर स्टेशन पर बढ़ने वाली यात्रियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए भीड़ नियंत्रण एवं यात्री सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने बिहार एवं दिल्ली की ओर जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को सुव्यवस्थित ढंग से नियंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित कदम उठाने के निर्देश दिए। स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया में भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे, जहां यात्रियों को सुविधाजनक तरीके से रोका जा सके। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन उनके निर्धारित प्लेटफार्म से ही किया जाएगा, जिससे यात्री आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। होल्डिंग एरिया और स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को सुचारू रूप से टिकट उपलब्ध कराने हेतु ट-वळर की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे यात्रियों को लंबी कतारों में न लगना पड़े। स्टेशन पर सीसीटीवी मॉनिटरिंग रूम से पूरे स्टेशन की सतत निगरानी की जा रही है, जिससे किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके और भीड़ को नियंत्रण किया जा सके। आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) की अतिरिक्त तैनाती सुनिश्चित की जा रही है, जिससे यात्री सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को बेहतर बनाया जा सके।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट की एक बड़ी माँग सिटीजन चार्टर हुआ लागू

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** उत्तर प्रदेश मध्यामिक शिक्षक संघ एकजुट द्वारा सिटीजन चार्टर लागू कराने के लिये लंबा संघर्ष अन्ततः रंग लाया ।सरकार ने एकजुट की मांगों को मानते हुये सिटीजन चार्टर को लागू कर दिया। उत्तर प्रदेश मध्यामिक शिक्षक संघ - एकजुट के जिला मंत्री पवन शर्मा ने ने एकजुट के सभी संघर्षशील साथियों को को बधाई देते हुये कहा कि एकजुट द्वारा तीन वर्ष से अनवरत सिटीजन चार्टर के लिए संघर्ष किया जा रहा था ।इससे पहले सिटीजन चार्टर की माँग कभी किसी के द्वारा नहीं की गई ।एकजुट ने युवा शिक्षकों के साथ मिलकर इसके लिए लागातार सरकार से मांग कर रहे थे और सिटीजन चार्टर लागू करने का दबाव बना रहे थे ।माँगो को सरकार ने मंजूर करते हुये शिक्षा निदेशक ने 31 मार्च से पूर्व सिटीजन चार्टर लागू करने का वादा किया था जिसे पूर्ण किया । जिला मंत्री पवन शर्मा ने कहा शिक्षा निदेशक को इस महत्वपूर्ण निर्णय लेने पर एकजुट धन्यवाद प्रेसित करता है । उन्होंने कहा कि कुछ लोग अब मैदान में आकर इसका श्रेय लेंगे ।उसकी चिंता न करें, शिक्षकों को मालूम है कि ये माँग कब और किसने उठाया है ।




# अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर मनाया गया किसान दिवस एवं जन औषधि दिवस

वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद (वाराणसी)।** सहकार से समृद्धि₹ दाम कम - दवाई उत्तम₹अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अन्तर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से शुक्रवार को 7 वें जन औषधि दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के यशस्वी नेतृत्व एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर के मार्गदर्शन में सहकारिता विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश के साधन सहकारी समितियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के आम जनमानस को सस्ती दर पर दवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खोलने का निर्णय लिया गया था। इसी क्रम में वाराणसी संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सेवापुरी विधानसभा स्थित बीझपैक्स मिर्जामुराद, विकासखंड आराजी लाइन में आयोजित किसान दिवस एवं जन औषधि दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीसीएफ चेयरमैन राकेश सिंह अलगू तथा विशिष्ट अतिथि हर्षवर्धन सिंह, ए के बंका (एआर)ने दीप प्रज्वलंकर किया। मुख्य अतिथि ने अन्नदाता किसान भाइयों व क्षेत्रीय जनता जनार्दन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा किसान भाइयों के लिए किए जा रहे प्रयत्नों एवं सरकारी सुविधाओं के साथ-साथ किसानों की आय को दोगुनी करने हेतु कृषि, डेयरी, मछली पालन व अन्य कई सब्सिडी आधारित योजनाओं का विस्तृत विवरण देकर किसानों को योजनाओं को अपनाकर लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया ।कम मूल्य पर जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने से समितियों पर ग्रामीणों को सस्ते दर पर दवाएं उपलब्ध हो रही हैं ।साधन सहकारी समितियों से लोगों के लिए लाभप्रद बनाने और समितियों की आर्थिक स्थित सुधारने के लिए शासन द्वारा समितियों को बहुउद्देशीय समिति बी पैक्स नाम दिया गया है। अभी तक समितियां खाद बीज की बिक्री आदि के कार्य कार्य कर रही थी। अब इन्हें आमजन से जुड़े अन्य कार्यों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की कवायद शुरू की गई है। समितियों पर जनसेवा केन्द्र खोले जा रहे हैं ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक आयुक्त एवं निवन्धक महेश कुमार बंका, अध्यक्ष अमर नाथ, एडीसीओ विकास राय, अंकित काबरा, समिति के सचिव विभूति नारायण श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष रमेश पटेल, संजय मिश्रा, श्याम धर मिश्रा, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, रमेश उपाध्याय, रमेश बिंद, अशोक सिंह, इंदुशेखर सिंह, ऋषि नारायण, गिर्जेश मौर्या, सहित कार्यकताओं व किसान उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद नगर निगम सदन की बैठक में हंगामा





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। नगर निगम की सदन बैठक में 2024-25 के पुनरीक्षित बजट को लेकर जमकर बहस हुई। बैठक में महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में पार्षदों ने बजट की विसंगतियों और निगम की विभिन्न योजनाओं पर सवाल उठाए। खासतौर पर सीवरेज रखरखाव, उद्यान विभाग की लचर कार्यप्रणाली और नगर निगम के वाहनों के इंश्योरेंस से जुड़े मुद्दों पर तीखी चर्चा हुई।

**पुनरीक्षित बजट को लेकर विवाद, महापौर हुईं नाराज:** पार्षदों ने आरोप लगाया कि पुनरीक्षित बजट को अक्टूबर 2024 में सदन में लाया जाना था, लेकिन अब मार्च में इसकी चर्चा का कोई औचित्य नहीं। कई पार्षदों ने कहा कि पूर्व नगर आयुक्त अब्दुल समद के कार्यकाल में हर वार्ड में 1-1 करोड़ रुपये की विकास योजनाएं पूरी होती थीं, लेकिन अब बजट में कटौती हो रही है और महापौर के विशेष कोष से भी कार्य नहीं हो रहे हैं। इस दौरान महापौर सुनीता दयाल ने नाराजगी जाहिर की और कहा कि बजट में देरी का दोष उन पर न मढ़ा जाए। उन्होंने छायाकारों को बैठक कक्ष से बाहर जाने का निर्देश भी दिया। बैठक में नगर निगम सीमा क्षेत्र में सीवरेज रखरखाव का कार्य देख रही बबाग कंपनी की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए गए। पार्षदों ने कहा कि कंपनी की लापरवाही से शहर में सीवरेज की समस्या बढ़ रही है। महापौर और नगर आयुक्त ने भी कंपनी की कार्यशैली पर नाराजगी जताई और आरोप लगाया कि कंपनी पार्षदों के लेटर का सहारा लेकर बच निकलती है। कौशांबी वार्ड की पार्षद कुसुम गोयल ने कौशांबी स्थित कम्युनिटी सेंटर को लीज पर न देने की मांग की। पार्षदों ने कहा कि यह केंद्र जनता की सेवा के लिए है और इसे निजी हाथों में नहीं सौंपा जाना चाहिए।

विजयनगर क्षेत्र की महिला पार्षद ने नगर निगम के उद्यान विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उद्यान विभाग केवल पार्कों की चारदीवारी तक ही सीमित है, पेड़ों और हरियाली की कोई सुध नहीं ली जा रही। महापौर ने भी माना कि उद्यान विभाग की स्थिति संतोषजनक नहीं है।

**नगर निगम के वाहनों के इंश्योरेंस का मुद्दा:** बैठक में यह भी खुलासा हुआ कि नगर निगम के कई वाहनों का इंश्योरेंस नहीं कराया गया है। पार्षदों ने पूछा कि कितने वाहन शहर में संचालित हो रहे हैं और कितनों का बीमा अब तक नहीं हुआ है। एक पार्षद ने बताया कि एक दुर्घटना के बाद निगम को बीमा न होने की वजह से 35 लाख रुपये मुआवजे के रूप में चुकाने पड़े। इस पर नगर आयुक्त ने आदेश दिया कि जिन वाहनों का इंश्योरेंस नहीं हुआ है, उन्हें डीजल नहीं दिया जाएगा। कुछ पार्षदों ने आरोप लगाया कि नई व्यवस्था के चलते निगम में भ्रष्टाचार बढ़ा है। ठेकेदारों द्वारा निर्माण सामग्री में हेरफेर किए जाने पर कोई निगरानी नहीं है। पार्षदों ने बिल पास करने से पहले उनकी सहमति लेने की मांग की। इसके अलावा, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर अवैध वसूली के मुद्दे को भी उठाया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि पहले निगम को शासन से 300-400 करोड़ रुपये की ग्रांट मिलती थी, लेकिन अब पूरी तरह टैक्स कलेक्शन पर निर्भरता बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि निगम ने अथक प्रयासों से 1100-1200 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मंजूर कराई हैं, जिसमें लखनऊ के कोटा को गाजियाबाद में लाने में भी सफलता मिली है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष बलप्रीत सिंह के नेतृत्व में

# गुरुद्वारा कमेटी के चेयरमैन ने किया विधायक संजीव शर्मा का किया अभिनंदन



वेलकम इंडिया

- क्रॉसिंग रिपब्लिक गुरुद्वारा पर खुले नाले को बंद करने की मांग की
- बलप्रीत सिंह भाजपा में सिख समाज का उभरता हुआ युवा चेहरा

**गाजियाबाद**। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष बलप्रीत सिंह के नेतृत्व में क्रॉसिंग रिपब्लिक गुरुद्वारा कमेटी के चेयरमैन व ऑक्सीजन मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध गुरमीत सिंह व गुरुद्वारा के प्रधान सुरजीत सिंह ने विधायक संजीव शर्मा से मुलाकात कर कृपाण देकर उनका अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान क्रॉसिंग रिपब्लिक गुरुद्वारे की मुख्य समस्या खुले नाले को बंद कराने की मांग की। इस दौरान गुरमीत सिंह ने कहा कि बड़ी संख्या में सिख धर्म की संगत गुरुद्वारे में मत्था टेकने आती है। खुले नाले के कारण वहां गंदगी फैली रहती है व दुर्घटना का खतरा बना रहता है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर के अध्यक्ष बलप्रीत सिंह ने बताया कि ये समस्या वर्षों से ज्यों की त्यों बनी हुई है।

कहीं कोई सुनवाई नहीं है लेकिन लोकप्रिय विधायक संजीव शर्मा निरन्तर आमजन के हित के कार्य कर रहे हैं तो उनसे आशा ही नहीं विश्वास है कि इस समस्या का शीघ्र ही निस्तारण होगा। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष बलप्रीत सिंह की बात की जाए तो जब से उन्होंने मोर्चा के महानगर अध्यक्ष की कमान संभाली है उन्होंने न केवल संगठन को मजबूत किया बल्कि निरन्तर आमजन के साथ जुड़कर उनका विश्वास बने हुए हैं। सिख समाज में महानगर के अंदर बलप्रीत सिंह युवाओं में उभरता हुआ नाम है। सिख समाज के अंदर उनके अध्यक्ष बनने के बाद भाजपा के प्रति एक अटूट विश्वास जगा है वहीं बलप्रीत सिंह भी शीर्ष नेतृत्व की जिम्मेदारियों पर खरे उतरे। देखा जाए तो बलप्रीत सिंह भाजपा में सिख समाज का एकमात्र उभरता हुआ युवा चेहरा है। विधायक संजीव शर्मा ने भी पूर्ण आश्वस्त किया कि शीघ्र ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

# पुलिस एनकाउंटर में बदमाश सोनू शाहपुरिया गिरफ्तार, दूसरा फरार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। मधुबन-बापूधाम थाना क्षेत्र में पुलिस ने एनकाउंटर के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी फरार हो गया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान सोनू शाहपुरिया उर्फ सोनू वाल्मीकि के रूप में हुई है, जो लूट की कई घटनाओं में वांछित था। गुरुवार शाम पुलिस चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध पैदल आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन दोनों भागने लगे। पुलिस ने सोनू शाहपुरिया को दबोच लिया, जबकि उसका साथी फरार हो गया। पूछताछ में सोनू ने मधुबन-बापूधाम और कविनगर थाना क्षेत्र में आधा दर्जन लूट की वारदातें करने की बात कबूल की। सोनू ने बताया कि उसने लूट का सामान मोरटा शाहपुर रोड पर ट्यूबवेल के पीछे झाड़ियों में छिपा रखा है। पुलिस जब उसे बरामदगी के लिए वहां ले गई, तो उसने अचानक छिपे हुए तमंचे से पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली सोनू के पैर में लगी और वह घायल हो गया।

# नेशनल न्यूज चैनल टीवी 27 न्यूज चैनल का उद्घाटन हुआ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। गाजियाबाद के राजनगर के सेक्टर 11 में नेशनल न्यूज चैनल टीवी 27 न्यूज चैनल का उद्घाटन बृहस्पतिवार को हुआ इस अवसर पर चैनल के सीईओ अशोक अग्रवाल चीफ एडिटर आलोक द्विवेदी विनोद गुप्ता डिप्टी सीईओ अभिनव अग्रवाल स्टेट हेड डॉक्टर बी जमा मंडल प्रभारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा अशोक अग्रवाल नामक वालों का टीवी चैनल 27 न्यूज के उद्घाटन के साथ-साथ जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिलदेव अग्रवाल तथा नरेंद्र कश्यप ने चैनल के उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित रहकर चैनल की उन्नति और प्रगति की कामना की तथा अशोक अग्रवाल को जन्मदिन पर बधाई दी गाजियाबाद के लोकप्रिय सांसद अतुल गर्ग और महानगर अध्यक्ष शहर विधायक संजीव शर्मा ने कार्य कार्यक्रम में पहुंचकर नेशनल न्यूज चैनल टीवी 27 के उद्घाटन के अवसर पर बधाई दी अपना आशीर्वाद दिया तथा अशोक अग्रवाल को उनके जन्मदिन की बधाई दी अपनी शुभकामनाएं दी इस अवसर पर गाजियाबाद और आसपास की अनेक सामाजिक राजनीतिक हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई प्रदीप चौधरी संजीव गुप्ता अजय सिंगल बालकिशन गुप्ता रितेश शर्मा रामावतार जिंदल अशोक भारतीय अनिल सांवरिया सौरभ यादव आशु पंडित अनुज मित्तल अनिल गर्ग सेनेट्री वाले दयाराम भार्गव नीता भार्गव ज्योति तोमर राजू चौधरी राजू पंडित मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।

## हनी ट्रैप कर 2 करोड़ की रंगदारी मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद**। इंदिरापुरम थाना पुलिस ने हनी ट्रैप कर झूठे रेप केस में फंसाने और 2 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बीते दिन इंदिरापुरम थाने में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि पिंकी, अनुज कसाना और सोनू कसाना ने साजिश के तहत उसके पति को हनी ट्रैप में फंसाया और फिर रेप के झूठे केस की धमकी देकर 2 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। जांच के दौरान अभियुक्त अनुज कसाना की संलिप्तता पाई गई, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वादी द्वारा पुलिस को सौंपी गई ऑडियो रिकॉर्डिंग में अनुज कसाना की रंगदारी मांगने में संलिप्तता साबित हुई। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# पासपोर्ट कार्यालय में विशेष अभियान, 2000 से अधिक लंबित फाइलों का निस्तारण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय द्वारा नागरिकों को त्वरित और सुगम पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए 27 फरवरी 2025 से 06 मार्च 2025 तक एक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 2000 से अधिक लंबित फाइलों का त्वरित निस्तारण किया गया। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी श्री अनुज स्वरूप (भारतीय विदेश सेवा) ने बताया कि इस अभियान के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इसे कुछ और दिनों तक बढ़ाया जा रहा है। पासपोर्ट कार्यालय ने लंबित फाइलों के निस्तारण के लिए संबंधित आवेदकों को पत्र भेजे हैं। उनसे जल्द से जल्द कार्यालय आकर अपनी फाइल पूरी कराने का अनुरोध किया गया है। यदि आवेदक तय समय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनकी फाइल बंद की जा सकती है। ऐसे आवेदक जिनकी फाइल लंबित है, वे कार्यालय द्वारा भेजे गए पत्र के साथ बिना ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लिए सीधे पासपोर्ट कार्यालय आ सकते हैं और अपनी फाइल का निपटारा करा सकते हैं। यदि किसी आवेदक की फाइल तकनीकी कारणों से सिस्टम द्वारा बंद हो जाती है, तो उन्हें फिर से नया आवेदन करना होगा और नए आवेदन के लिए पुनः शुल्क जमा करना होगा। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने यह भी बताया कि 13 मार्च 2025 से 28 मार्च 2025 तक तकनीकी कारणों से पूछताछ संबंधी वॉक-इन सुविधा स्थगित रहेगी। इस दौरान आवेदकों को ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेकर ही कार्यालय आना होगा। यह सेवा 1 अप्रैल 2025 से फिर से शुरू कर दी जाएगी।

# मास्टर प्लान 2031 से बदलेगी डासना, लोनी और मोदीनगर की तस्वीर

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। मास्टर प्लान 2031 लागू होने के बाद जिले के कई इलाकों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

इस योजना के तहत डासना, लोनी और मोदीनगर जैसे क्षेत्रों का तेजी से विकास किया जाएगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही महाजाम और प्रदूषण की समस्या से भी निजात मिलने की उम्मीद है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जल्द ही इस मास्टर प्लान को लागू करने की अंतिम प्रक्रिया में है। वर्तमान मास्टर प्लान की अवधि 31 दिसंबर 2024 को समाप्त हो चुकी है, जिससे नए मास्टर प्लान की आवश्यकता बढ़ गई थी। इस बार पहली बार जियोग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम आधारित मास्टर प्लान तैयार किया गया है, जिसकी प्रक्रिया 2018 में शुरू हुई थी। इसे केंद्र सरकार की एजेंसी डीडीएफ कंसल्टेंट ने तैयार किया है और अब इसे अंतिम स्वीकृति के लिए शासकीय समिति को भेजा गया है। 908 हेक्टेयर भूमि पर दुहाई रेपिड रेल डिपो के पास एक विशेष विकसित क्षेत्र का निर्माण होगा। रेपिड रेल कॉरिडोर के साथ-साथ नई टाउनशिप विकसित की जाएगी, जिसमें 5000 नए घर बनाए जाएंगे। 130 हेक्टेयर भूमि का भू-उपयोग बदलेगा, जिससे गाजियाबाद, डासना, मुरादनगर, मोदीनगर और लोनी के क्षेत्रों में नए विकास कार्य होंगे लोनी के फतेहाबाद, निथौरा और डासना में लॉजिस्टिक हब विकसित किया जाएगा। रियल एस्टेट और उद्यम क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। मेट्रो रेड लाइन के पास 482 हेक्टेयर और ब्लू लाइन के किनारे 154 हेक्टेयर भूमि पर टीओडी जोन घोषित किए जाएंगे, जिससे 500-500 मीटर के दायरे में मिश्रित भूमि उपयोग की अनुमति मिलेगी। योजना से यातायात और परिवहन सुविधाएं बेहतर होंगी, जिससे महाजाम की समस्या खत्म होगी।

# पूर्व में खंडित हुई भागवत कथा 6 अप्रैल से प्रताप विहार रामलीला मैदान में होगी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। प्रताप विहार रामलीला मैदान में 6 अप्रैल से 13 अप्रैल 2025 तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 के शुभ अवसर पर भारतीय सनातन सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कथा के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। पिछले वर्ष 15 दिसंबर से 22 दिसंबर तक प्रताप विहार में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया था, लेकिन 20 दिसंबर की रात व्यास पीठ से भागवत महापुराण की चोरी हो गई। इस घटना से हिंदू संगठनों और श्रद्धालुओं में भारी रोष था। हालांकि, पुलिस के अथक प्रयासों से 15 दिन बाद भागवत महापुराण को बरामद कर लिया गया। इसी कारण, इस बार सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की जा रही है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। कथा का आयोजन राष्ट्रीय कथा वाचक श्री कृष्णा संजय जी महाराज के सान्निध्य में होगा। देशभर के संत-महात्मा इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होंगे। व्यास पीठ पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी, जिससे कोई अवांछित घटना न हो। भारतीय सनातन सेवा संस्थान के अध्यक्ष पं. राजेश शर्मा ने बताया कि पिछली बार की घटना को देखते हुए इस बार आयोजन को भव्य और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष तैयारी की जा रही है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए कृष्णा संजय जी महाराज समाजसेवी सतबीर बेसोया जी के आवास पर बैठक आयोजित हुई।

# मेवाड़ अभिव्यक्ति-2025 का रंगारंग समापन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित मेवाड़ अभिव्यक्ति-2025 के आखिरी दो दिन छात्र-छात्राओं ने जमकर धमाल मचाया।

एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति देकर खूब समां बांधा। नाटक, एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य और फैशन शो में भारत के अनेक राज्यों की अद्भुत छटा देखने को मिली। समारोह में मौजूद अतिथियों ने जीवन में शिक्षकों व गुरुओं का सम्मान करने की विद्यार्थियों को नसीहत दी। उन्होंने कहा कि युवा सकारात्मक ऊर्जा के साथ देश व समाज को आगे ले जाने में अपना योगदान दें। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि मेवाड़ अभिव्यक्ति-2025 में सैंकड़ों बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को बाहर लाना ही मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का मकसद है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों में भी बेहतर करने की उनकी कोशिश हमेशा रहती है। उनकी कोशिश रहती है कि बच्चे अपना सर्वांगीण विकास कर मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस से जब बाहर निकलें, श्रेष्ठ करियर बनाएं। समाज और देश की मुख्यधारा से जुड़ें। इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषाण में संस्थान की प्रगति से सभी आगंतुकों को अवगत कराया। समूह नृत्य व फैशन शो समारोह के मुख्य आकर्षण रहे। विभिन्न प्रांतों के वेश धरकर मंच पर जब छात्र-छात्राएं पहुंचे तो पूरे सदन में खूब तालियां बजीं। उनकी भाव-भंगिमाओं को देखकर दर्शक खूब उत्साहित हुए। सभी बच्चों की प्रस्तुति प्रशंसनीय रही।

# एमएमएच कॉलेज में प्राचार्य विवाद गहराया, सेशन पर असर, हाईकोर्ट में सुनवाई लंबित



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। एमएमएच कॉलेज में प्राचार्य पद को लेकर जारी विवाद का असर अब विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी पड़ने लगा है। प्राचार्य की कुर्सी को लेकर चल रहे विवाद के कारण कॉलेज के शिक्षकों में गुटबंदी बढ़ गई है, जिससे अध्ययन कार्य प्रभावित हो रहा है। इस विवाद में प्रबंध समिति ने हाईकोर्ट में अपना जवाब दाखिल कर दिया है, हालांकि अभी तक नई सुनवाई की तारीख तय नहीं हुई है। इसी बीच क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मोनिका सिंह ने डॉ. पीयूष चौहान को प्राचार्य पद पर पुनः बहाल करने और उनके बकाया वेतन के भुगतान के लिए प्रबंध समिति को पत्र भेजा। प्रबंध समिति ने क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के पत्र पर जवाब देते हुए कहा कि मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए इसमें हस्तक्षेप करने का अधिकार क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी को नहीं है। हाईकोर्ट ने डॉ. पीयूष चौहान के निलंबन को बरकरार रखा और प्रबंध समिति को छह सप्ताह में जांच रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। शासन की ऑडिट रिपोर्ट भी कोर्ट में जमा की गई है, लेकिन अभी तक इस पर सुनवाई नहीं हुई है। डॉ. पीयूष चौहान ने अपने निलंबन को नियम विरुद्ध बताते हुए हाईकोर्ट की डबल बेंच में याचिका दाखिल की। अब तक तीन बार सुनवाई की तारीख लगी, लेकिन फैसला नहीं हो पाया। राजभवन से कराई गई ऑडिट रिपोर्ट में 11 करोड़ से अधिक की वित्तीय अनियमितता का खुलासा हुआ, जिसमें बिना जेम पोर्टल के खरीदारी और निर्माण कार्य कराए जाने का आरोप है। प्रबंध समिति की तीन सदस्यीय जांच समिति ने भी चौहान को अनियमितता का दोषी माना।